e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 252
मंईयां
# प्रभात मंत्र
शुक्रवार
13.09.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26



# विधायक ने हुसैनाबाद की चार महत्वपूर्ण सड़क निर्माण का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** प्रखंड की चार महत्वपूर्ण सड़कों देवरी मुख्य पथ से ग्राम कुसुआ, छतरपुर मुख्य पथ से बसडीहा, कचरा मुख्य मुख पथ का शिलान्यास के मौके पर हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज की सभी सड़कों का निर्माण उन्होंने 2005 के कार्यकाल में कराने का काम किया था। उन सड़कों पर किसी जन प्रतिनिधि ने मरम्मत तक नहीं कराना उचित समझा। पुनः उन सड़कों का इस कार्यकाल में जीर्णोद्धार उन्होंने ही किया। यह जनता देख रही है जिन कथित नेताओं को विकास नहीं दिख रहा है, उन्हें जनता दिखा देगी। उन्होंने कहा कि उन्होंने हुसैनाबाद हरिहरगंज की एक एक समस्या सड़क स्वास्थ्य बिजली शिक्षा के साथ साथ अनेक उल्लेखनीय कार्य किया है, जिसे गिनने में पूरा दिन लग जायेगा। अगर किसी ने उनसे पहले भी कुछ किया है, तो जनता की अदालत में प्रस्तुत कर सकते हैं। कमलेश की कथनी और करनी में अंतर नहीं होता है। उन्होंने कहा कि वह जात धर्म संप्रदाय की राजनीति में विश्वास नहीं रखते हैं। सिर्फ क्षेत्र के विकास की राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के 95 प्रतिशत समस्या का समाधान उन्होंने करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आगे भी यह जारी रहेगा। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि अजीत केशरी, योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, अभिषेक सिंह उर्फ हरी, सतेंद्र सिंह, ओम प्रकाश राजवंशी, बबिता सिंह, पप्पू सिंह गोरख पासवान, गुड्डु पाल, शिवलाल राम, रजनीश सिंह, विमलेश सिंह, विजय राजवंशी, राजू सिंह, हंसराज सिंह, सतेंद्र सिंह, रतन लाल, रजनीश मिश्रा, अपु सिंह, अजय सिंह, उपेंद्र राजवंशी, के अलावा बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## गौशाला में घुसकर दिया जान से मारने की धमकी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सतबरवा थाना क्षेत्र के दुबिया खाड़ स्थित भुसडिया पारंपरिक गो-विज्ञान अनुसंधान केन्द्र के गौ सेवक बाबूलाल परिया ने पलामू एसपी से अपने जान माल की सुरक्षा का गुहार लगाया है। उसने बताया कि मेदिनीनगर शहर के नई मोहल्ला निवासी नीरज अग्रवाल 8 सितंबर को गौसाला में आकर गाली-गलौज करने एवं गोली मारने की धमकी देने लगा। इस घटना बाबूलाल परहिया और उसके परिवार डरे सहमे हुये है। इस घटना के बाद से गौ सेवक बाबूलाल परहिया गौशाला में सेवा करने नहीं जा रहा। जिसके कारण सैकड़ो गाय बंधी रहती है उन्हें चारा तक नसीब नहीं हो पा रहा है।उसने बताया की मैं बाबूलाल परडिया (आदिम जनजाति) का सदस्य हूँ। जिसे सरकार के द्वारा विलुप्त प्राय समुदाय के रूप में गिना जाता है।8 सितंबर को मैं गोसाला में गाय चराने ले जाने की तैयारी कर रहा था।मेरे साथ एक अन्य गो सेवक भूवाली यादव भी था। इसी क्रम में गोसाला के कुछ गाय नीरज कुमार अग्रवाल जिसका खेत गौसाला के 500 मीटर की दूरी पर है।वह गौशाला में पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए बोला कि साला सारा खेत में गाय घुसा देता है।आज से अगर गाय खोला तो गोली मार दूंगा।उसने बहन की तरह-तरह की गालियाँ दी पूरे गौसाला परिवार को अनेक प्रकार के अफशाय कहें उसके बाद मेरे घर ग्राम भुसडिया में जाकर मेरी पत्नी को भी गाली-गलीज किया और धमकी दिया कि बाबूलाल को गोसाला से काम छोड़वा दो नहीं तो ठीक नहीं होगा।वही इस घटना के पूर्व गौशाला से एक बैल भी गया था।जो की अकबर राम के आंगन में बंधा हुआ घायल अवस्था में मिला।गौशाला लाने के बाद गौशाला संचालक के द्वारा बैल का प्राथमिक उपचार किया गया।

## मोटरसाइकिल का डिक्की तोड़कर चोर तीस हजार रुपये लेकर उड़े



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मेराल बस स्टैंड के पास रेलवे स्टेशन रोड में खड़ी मोटरसाइकिल से अज्ञात चोरों ने 30000 नगद डिक्की का लॉक तोड़कर पैसा चोरी कर लिया। जानकारी के अनुसार यह घटना लगभग शाम चार बजे की बताई जाती है। घटना के बारे में बताया जाता है कि करकोमा गाँव निवासी सीएसपी संचालक सुजित तिवारी बैंक से पैसा निकासी कर रेलवे स्टेशन रोड में मोटरसाइकिल खड़ी कर किताब दुकान में अपने बच्चों के लिए कलम कॉपी खरीद रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने मौका देख खड़ी बाइक से डिक्की का लॉक तोड़कर 30000 रुपये चुराकर रफू चक्कर हो गए। भुक्त भोगी सुजित तिवारी ने मेराल थाना में आवेदन देकर चोरी के घटना के बारे में जानकारी दिया। आवेदन के आलोक में पुलिस घटनास्थल पर पहुंच अज्ञात चोरों को पहचानने और धर पकड़ के लिए बगल के दुकानों से सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से जांच में जुट गई है।

## अभिमन्यु-अंजू टीम का प्रखंड कमिटी गठित, ओम प्रकाश पांडेय बने अध्यक्ष



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंजू-अभिमन्यु टीम के विश्रामपुर प्रखंड कमिटी का गठन गुरुवार को कर लिया गया। सर्वसम्मति से पूर्व पंसस ओम प्रकाश पांडेय उर्फ गुड्डू पांडेय को प्रखंड अध्यक्ष मनोनित किया गया। वरीय समाजसेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने श्री पांडेय को एक सादे समारोह में मनोनय पत्र सौंपा। श्री सिंह ने कहा कि विश्रामपुर प्रखंड में अब टीम और मजूबत होकर उभरेगी। गुड्डू पांडेय ने कहा कि जो जिम्मेवारी मिली है, उसका पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करूंगा। आगामी विधानसभा चुनाव में अंजू-अभिमन्यु टीम सभी पार्टी संगठनों पर भारी पड़ेगा। मौके पर टीम के मीडिया प्रभारी राहुल दुबे सहित कई लोग मौजूद थे।

# जय भामा शाह क्लब के सदस्यों की बैठक संरक्षक की अध्यक्षता में सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** दुर्गापूजा महोत्सव को लेकर सब्जी बाजार स्थित जय भामा शाह क्लब के सदस्यों की बैठक बुधवार की शाम संरक्षक भारत भूषण प्रसाद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में दुर्गापूजा महोत्सव धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक में विगत वर्ष की आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया।बैठक में सर्व सम्मति से पूर्व की तरह कमिटी बनी रही। रजनी कांत मधुर (भोलू) को छठी बार अध्यक्ष बनाया गया। इस वर्ष भव्य दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन करने का निर्णय लिया गया. भव्य एवं आकर्षक सजावट के साथ पूजा पंडाल का निर्माण कराने, मां भगवती की आकर्षक मूर्ति एवं प्रत्येक दिन एकम से संध्या समय पूजा पंडाल में भव्य आरती, तीन दिवसीय डांडिया कार्यक्रम, नवमी को महा भंडारा, दशहरा के दिन भक्ति जागरण कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में संरक्षक भारत भूषण प्रसाद, मिथलेश कुमार, कामेश्वर प्रसाद, बिरेन्द्र अग्रहरी, ओम प्रकाश, संजीत कुमार 9 छोटू, पप्पू अनमोल, संतोष कुमार, विकास कुमार शालू, आनंद जायसवाल, अमित कुमार गुड्डू, बिकु कुमार, आनंद कुमार, रंजू कुमार, सोनू , अशीष कुमार,अध्यक्ष रजनी कांत मधुर उर्फ भोलू, सचिव नित्यानंद कुमार, उपाध्यक्ष, ऋतुराज जायसवाल, अजीत केशरी, कोषाध्यक्ष दिनेश गुप्ता, कार्यकारणी सदस्य टुनटुन कुमार, नवनीत अग्रवाल, अशीष कुमार, अनिल मेहता, शशि कुमार, बंटी केशरी, आर्यन रंजन, अमित कुमार, अक्षय कुमार, शिवम कुमार, अविनाश कुमार, संजू कुमार, क्रिश, बिनोद, नीरज, राजू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# दो दिवसीय खेलो झारखण्ड कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सगमा प्रखण्ड मुख्यालय स्थित भैया रुद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय सगमा के ग्राउंड में दो दिवसीय खेलो झारखण्ड 2024-25 के तहत कार्यक्रम का बुधवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखण्ड प्रमुख अजय शाह, जिला परिषद सदस्य अंजू यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष रियाज अंसारी, धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, पूर्व जिला परिषद सदस्य नंद गोपाल यादव ने,बीपीएम कविता कुमारी ने संयुक्त रूप से फिता काटकर तथा दीप प्रज्वलित कर किया। खेलकूद कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को 100 मीटर 200 मीटर दौड़, फुटबॉल प्रतियोगिता, हॉकी प्रतियोगिता सहित विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया जाना है। इस दौरान विजेता छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। जबकि उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बीपीएम ने कहा कि खेलो झारखण्ड सरकार का यह महत्वपूर्ण योजना है। इस आयोजन से बच्चे प्रखण्ड से जिला व राज्य तक शामिल होकर अपनी प्रतिभा को दिखा सकते हैं। इधर प्रमुख ने कहा कि आज के समय में पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद बहुत ही अति आवश्यक है। खेलकूद करने से मानसिक और शारीरिक दोनों विकास होता है। जबकि थाना प्रभारी ने कहा कि खेलकूद, व्यायाम करने से कई तरह की बीमारी खत्म हो जाते हैं, और अपने अंदर से आत्मनिर्भर बनना बहुत जरूरी है। इस मौके प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागी छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## स्क्रीनिग कमेटी के पदाधिकारियों से मिले कांग्रेसी नेता, विश्रामपुर विस क्षेत्र के चुनावी रणनीति पर चर्चा



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला गुरुवार को मेदिनीनगर में आयोजित पार्टी के स्क्रीनिग कमेटी की बैठक में शामिल हुए।बैठक के बाद श्री शुक्ला ने स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चोडंकर, सदस्य प्रकाश जोशी और पूनम पासवान से मुलाकात किया।इस दौरान उन्होंने कमेटी पदाधिकारियों के साथ विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के चुनावी रणनीति पर चर्चा किया। श्री शुक्ला ने कमेटी के तीनो पदाधिकारियों को विश्रामपुर के वर्तमान राजनीतिक हालात की जानकारी दिया।स्क्रीनिग कमिटी के सदस्यों को श्री शुक्ला और उनके समर्थकों ने आश्वस्त किया कि पार्टी मौका दे तो विश्रामपूर विधानसभा चुनाव जीत कर वो प्रदेश मे कांग्रेस के हाथ को मजबूत करेंगे। स्क्रीनिंग कमिटी के पदाधिकारियों ने श्री शुक्ला को विस चुनाव की तैयारी मे लग जाने को कहा।मौके पर विश्रामपुर विस क्षेत्र के सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अवैध रूप से संचालित जांच घर के संचालक को थाने में किया सुपुर्द



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने ब्लॉक गेट के सामने अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी सेंटर को बंद कराते हुए उक्त सेंटर के संचालक एचएच पाल को पुलिस को सुपुर्द कर दिया। इस मामले में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि गढ़वा सीएस के निर्देश पर बीते दिनों भवनाथपुर में अवैध तरीके से संचालित क्लिनिको तथा पैथलोजी सेंटर पर छापामारी की गई थी। छापामारी के दौरान ऐसे कई पैथलोजी सेंटर मिले जिनके पास न तो रजिस्ट्रेशन था, और ना ही वे उससे संबंधित किसी प्रकार की कागजात प्रस्तुत कर सके। वैसे लोगो को तत्काल पैथोलॉजी सेंटर को बंद रखने का निर्देश दिया गया था। गुरुवार को उषा नामक महिला ने पैथोलॉजी सेंटर संचालक अपने मामा एचएच पाल के विरुद्ध अपनी बीएससी एमएलटी डिग्री के सर्टिफिकेट को बिना उसकी अनुमति के प्रयोग करते हुए सेंटर का संचालन करने संबंधी लिखित आवेदन कार्यालय को दी गई थी, इसके बावजूद भी आदेश की अवहेलना करते हुए गुरुवार को पैथोलॉजी सेंटर खोलकर चला रहे संचालक एचएच पाल को पुलिस को सुपुर्द कर उनकी कागजात की जांच की जा रही है।

# एसडीपीओ ने किया थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो ने क्षेत्र के सभी थाना व ओपी प्रभारीयो के साथ अपराध नियंत्रण के लिए समीक्षा बैठक की।इस दौरान उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों से क्षेत्र में क्राईम एवं स्थायी वारंटी,अस्थायी वारंटी तथा, लंबित थाना काण्ड संख्या की अद्यतन जानकारी लिया। साथ ही पुलिस पदाधिकारीयो से लंबित मामला को जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया एवं क्षेत्र में महिला व बाल संरक्षण, नक्सल गतिविधियों, चोरी व छिनतई, जमीन विवाद में मारपीट या अन्य घटना, से जुड़े मामलो की भी जानकारी लिया एवं लंबित मामला को निष्पादन करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने इस माह में विभिन्न पर्व त्योहार व मुस्लिम समुदाय के पैगम्बर साहब के जनमोत्स्व तथा विश्वकर्मा पूजा में क्षेत्र में शांति व्यवस्था को लेकर असमाजिक तत्व के लोगों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया। उन्होंने आगे कहा कि हर हाल में शांति व्यवस्था बनाना ही पुलिसिंग व्यवस्था हैं। मौके पर हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव, महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी, हैदरनगर नगर थाना प्रभारी अफज़ल अंसारी, मोहम्मदगंज थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी,देवरी ओपी बबलू कुमार, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता एवं एसडीपीओ रीडर शेखर सिंह आदि मौजूद थे।

## उपायुक्त पहुंचे आकाशी पंचायत, शिविर में हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण आज भण्डरा प्रखण्ड के आकाशी पंचायत में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उपायुक्त ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने इस मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी, भण्डरा को शिविर में अधिक से अधिक आवेदन ग्रामीणों की ओर से प्राप्त करने और लाभुकों को लाभ दिये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, राज्य सरकार के दिये गये निदेश के अनुसार शिविर संचालित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई किये जाने का निदेश दिया गया। आज जिला के चार पंचायतों में यह शिविर आयोजित हुआ। लोहरदगा जिला में 30 अगस्त 2024 से आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित हो रहा है जिससे अब तक 29006 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। जिनमे 7493 त्वरित रूप से निष्पादित कर दिए गए हैं।

## भाजपाइयों ने धूमधाम से मनाया करमा पूर्व संध्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जनजातीय सांस्कृतिक सुरक्षा मंच के बैनर तले करमा पूर्व संध्या के अवसर पर गुरुवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय किया गया। आयोजित इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सधनु भगत के अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव, युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद शत्रु, भाजपा जनजातीय मोर्चा के प्रदेश सदस्य लक्ष्मी नारायण भगत,ड़टमा आदि गांव के विभिन्न खोड़हा दलों ने भागेदारी दी।

## झारखंड के शिक्षकों ने सीसीआरटी हैदराबाद में झारखंड की संस्कृति को किया प्रदर्शित

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र हैदराबाद में आठ राज्यों के 54 शिक्षकों ने 28 अगस्त 2024 से 11 सितंबर 2024 तक आयोजित रोल ऑफ पंपेट्री इन एजुकेशन इन लाइन विथ 2020 कार्यशाला में भाग लिया।जिसमें झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों के सात शिक्षकों ने अपने राज्य की संस्कृति,कला व समृद्धि का प्रदर्शन प्रशिक्षु शिक्षकों एवं विभिन्न कला विशेषज्ञों के समक्ष किया। सभी शिक्षकों ने झारखंड राज्य के इतिहास,जीवन शैली, रीति रिवाज,त्योहार,प्रमुख पर्यटन स्थल, कलाकृति, शिल्पकला, हस्तकला, चित्रकला वास्तुकला, खनिज संपदा, उद्योग, कृषि, शिक्षा, खेल, वाद्य यंत्र, प्रसिद्ध हस्तियां एवं अन्यान्य विषयों पर अपनी प्रस्तुति दी।

# कुशदण्ड पंचायत में किया गया आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड नगर उंटारी अंतर्गत ग्राम पंचायत कुशदंड के मध्य विद्यालय कुशदंड में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी सुश्री अदिति गुप्ता, मुखिया कुमारी रेखा, प्रखंड कार्यालय प्रधान अनिल कुमार सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष श्री शैलेश चौबे के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में कुल 897 प्राप्त हुये, जिसमे 274 आवेदन का त्वरित निष्पादन किया गया। शेष 623 आवेदन लंबित रह गये।कार्यक्रम में प्राप्त हुये आवेदनों में अबुआ आवास के 542 आवेदन, 15वां वित्त के 2 आवेदन, मनरेगा के तहत नये कार्य के लिए 16 आवेदन, नये जॉब कार्ड के लिए 24 आवेदन, नये राशन कार्ड व संशोधन के लिए 40 आवेदन, सर्वजन पेंशन योजना के लिए 100 आवेदन, आधार पंजीकरण के लिए 2 आवेदन, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लिए 19 आवेदन, पेयजल के लिए 3 आवेदन, कल्याण विभाग के लिए 1 आवेदन तथा 141 लोगो का स्वास्थ्य जांच किया गया। कार्यक्रम में बीडीसी लालो खातून, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्ञान चंद्र केशरी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सोसलिस्ट राम, महिला पर्वेक्षिका माया कुमारी, प्रखंड समन्वयक रामकिशुन राम, ग्राम सेविका उषा देवी, लालती देवी, लघु कुटीर उद्योग समन्वयक सुमित कुमार, लिपिक मनोज कुमार , वेद प्रकाश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड पंचायती राज समन्वयक कौशल कुमार के द्वारा किया गया।

# संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज में हिंदी दिवस पर विचार गोष्ठी आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** रेहला बी मोड़ स्थित संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज में गुरुवार को हिंदी दिवस मनाया गया.इस अवसर पर महाविद्यालय के सभागार में एक विचार गोष्ठी आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन प्राचार्य संतोष मिश्रा व रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के प्रो राकेश कुमार शुक्ला ने किया। प्राचार्य संतोष मिश्रा ने कहा कि आज मॉडर्न दिखने-दिखाने के चक्कर मे लोग विश्व की सबसे महान भाषा हिंदी को भूलते जा रहे हैं। हिंदी भाषा को सही तरीके से समझने की जरूरत है। अपनी मातृभाषा हिन्दी को दैनिक बोलचाल की भाषा में ज्यादा प्रयोग करें।थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि हम सब हिंदी भाषी होने पर गर्वानवित हैं। पूरे गर्व के साथ हम सब को हिंदी भाषा का प्रयोग करना चाहिये। हिंदी भाषा देश की एकता का सूत्र भी है। उन्होंने कॉलेज के छात्र छात्राओं को नए कानून के बारे में जानकारी दिया। इसके अलावा उन्होंने साइबर क्राइम से बचाव के तरीके भी बताये।


**Jharkhand Urja Utpadan Nigam Limited.**
(CIN: U40108JH2013SGC001703)
OFFICE OF THE PROJECT MANAGER
SUBERNAREKHA HYDEL PROJECT
AT & P.O. –SIKIDIRI-835219 / DIST. RANCHI ( JHARKHAND)

**NOTICE INVITING E-TENDER**

Online bids are invited by Office of Project Manager, SRHP, Sikidiri on behalf of Jharkhand Urja Utpadan Nigam Ltd. under Two Bid System i.e. Technical Bid and Financial Bid from reputed, experienced and financially sound **trader/agencies/manufacturer/authorized dealer** for *Supply of Measuring Instrument for 132/33/11 KV Switchyard & E/M PH II at , SRHP, Sikidiri* on the terms and conditions mentioned in the tender document, the details of which are as below:

| Particulars | Details' |
|---|---|
| e-Tender No. | **28 /PR/JUUNL/2024-25** |
| Name of Work | Supply of Measuring Instrument for 132/33/11 KV Switchyard & E/M PH II at , SRHP, Sikidiri. |
| Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 12,500/-(Rupees Twelve Thousand Five Hundred) only **(Refundable) (To be paid in online mode only)** |
| Cost of Tender | Rs. 1,475.00 (Rs. one thousand four hundred seventy five) only inclusive of GST **(Non-Refundable) (To be paid in online mode only)** |
| Delivery Period | 45 Days |
| Start date & time of download the tender document | 11/09/2024 at 03:00 PM |
| Start date & time of upload of BID | 11/09/2024 at 03:30 PM |
| End date & time of upload of BID | 01/10/2024 at 11:00 AM |
| Submission of cost of Tender and Earnest Money | Both of them to be paid via **online mode** only |
| Date and time of Pre Bid meeting | 24/09/2024 at 02:00 PM |
| Date & Time of opening of Technical Bid | 03/10/2024 upto 12:30 PM |
| Date & Time of opening of Financial Bid | Will be communicated later |
| Work officer & Address for communication | Project Manager, Subernarekha Hydel Project, Sikidiri, Ranchi - 835219 |
| Contact Number | 9431707312 |

- e-Tender document and BOQ can be downloaded from the website http://jharkhandtenders.gov.in . The downloaded document shall be treated as a valid document for participation in the tender only if payment has been made towards *price of BOQ* and *earnest money* .
- The earnest money should be deposited in **online mode** on e-tender portal i.e. www.jharkhandtenders.gov.in only.
- Cheque/DD/Fixed Deposit receipt/Money Order or saving certificate etc. are not acceptable towards deposit of earnest money and tenders with above will not be considered without earnest money.
- The earnest money of unsuccessful bidders will be refunded to them after award of the contract.
- Tender without Earnest Money shall not be considered.-
- The tenders shall not be entertained after the deadline under any circumstances whatsoever.
- The undersigned reserves the right to issue, extend the date of publishing / submission / opening tender / distribute the works among the tenders or reject any / all tenders without assigning any reason thereof.
- Corrigendum/addendum if any will be uploaded on above website only.
- Prospective bidders are requested to visit website regularly.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
Project Manager
SRHP, Sikidiri

PR 335484 (Jharkhand Urja Utpadan Nigam Ltd) 24-25 (D)

## संक्षिप्त खबरें

### वितिय साक्षरता सह जागरूकता अभियान

**रांची।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक जमहार शाखा द्वारा एक दिवसीय वीतीय साक्षरता सह जागरूकता अभियान ग्राम डेहकेला में किया गया । ऊक्त कैम्प में बतौर मुख्य अथिति झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक , क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय प्रबंधक मुकेश कुमार वर्मा ने लोगों को बैंक से जुड़ने एवं लाभ उठाने की अपील किया । शाखा प्रबंधक प्रशांत कुमार ने कहा कि बैंक सभी वर्ग के लोगों के लिए कई अलग ङ्कअलग तरह की योजनाएँ चलती हैं जिसका लाभ प्रत्येक व्यक्ति को उठाने की जरुरत है । मौके पर रिंमिस धनवर,पुना उराँव को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) के अंतर्गत दोनों लाभूक को दो-दो लाख रुपए क चेक क्षेत्रीय प्रबंधक मुकेश कुमार वर्मा एवं शाखा प्रबंधक प्रशांत कुमारके द्वारा प्रदान किया गया ।

### कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्यों से किया मुलाकात

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे,लाल किशोर नाथ शाहदेव,डॉ राजेश गुप्ता छोटू, मदन मोहन शर्मा,अमूल्य नीरज खलखो, सुरेश बैठा, सत्यनारायण सिंह,डॉ कुमार राजा,सतीश पॉल मुंजिनी ने रांची पहुंचे अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी द्वारा झारखण्ड के विधानसभा चुनाव हेतू उम्मीदवारी चयन के लिए गठित स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन गिरीश कुमार छोडंकर, सदस्य प्रकाश जोशी एवं पुनम पासवान से मुलाकात की एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया।कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे ने बताया कि पांच दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंचे स्क्रीनिंग कमेटी विभिन्न प्रमंडलों का दौरा कर जिलों के कांग्रेस जनों के साथ मिलेंगे एवं रायशुमारी करेंगे। बुधवार को पूर्वाह्न 9:00 बजे स्क्रीनिंग कमेटी पलामू के लिए प्रस्थान कर गई है। इसके पूर्व सर्वप्रथम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्यों से मुलाकात की, उनका अभिनंदन किया एवं झारखंड दौरे पर आए सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी।

## हेमन्त सरकार राजनितिक लड़ाई लड़ने में सक्षम नहीं है : भाजपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड के महाधिवक्ता के प्रेस कांफ्रेंस पर भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने कहा की जिस प्रकार महाधिवक्ता सरकार का गुणगान कर रहे हैं उससे वो महाधिवक्ता कम झामुमो के विधि प्रकोष्ठ के कार्यकर्त्ता ज्यादा लग रहे हैं। महाधिवक्ता एक संवैधानिक पद होता है और उस पद की गरिमा होती है । महाधिवक्ता ने जिस प्रकार संवैधानिक पद को ताक पर रखकर आज सरकार का गुणगान कर रहे थे, उससे स्पष्ट हो गया है की हेमंत सरकार राजनीतिक लड़ाई लड़ने में सक्षम नहीं है, अब हेमंत सरकार नेताओं के बदले अपने अफसरों एवं महाधिवक्ता को आगे कर के राजनितिक लड़ाई लड़ रही हैं। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया की अभी हाल ही में सरकार के झारखण्ड कैबिनेट




सचिवालय सतर्कता विभाग के प्रधान सचिव वंदना डडेल ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर भाजपा नेताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। महाधिवक्ता ने कहा की देश झारखण्ड देश का पहला राज्य है जहाँ वकीलों को सरकार अपनी योजनाओ से जोड़कर आर्थिक रूप से मजबूत कर रही है। महाधिवक्ता को यह भी बताना चाहिए की पहली बार है की सरकार के किसी कार्य का गुणगान महाधिवक्ता हाई कोर्ट परिसर के अन्दर प्रेस कांफ्रेंस कर के कर रहे हैं। सुधीर श्रीवास्तव ने कहा की महाधिवक्ता को यह भी बताना चाहिए की हेमंत सरकार ने 2021 में कोर्ट फीस में दस गुना वृद्धि की थी और तब अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया था और उस वक्त महाधिवक्ता ने अधिवक्ताओं के कार्य बहिष्कार को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ और अवमानना का मामला बताया था। 6 और 7 जनवरी 2023 को बार काउंसिल के निर्देश पर 35000 से ज्यादा अधिवक्ता अदालती करवाई का बहिष्कार करने का निर्णय लिए थे दूसरी तरफ महाधिवक्ता ने राज्य सरकार के सभी अधिवक्ताओं को 6 जनवरी 2023 को निर्देश दिये थे की कोर्ट में जाकर काम करें और 7 जनवरी को मुख्यमंत्री को ओर से आयोजित संवाद में सभी जिलो के सरकारी अधिवक्ताओं को कार्यक्रम में हिस्सा लेने का निर्देश दिए थे। महाधिवक्ता को यह भी बताना चाहिए की हेमंत सरकार में कितने अधिवक्ताओं का हत्या हुआ और कितने अधिवक्ताओं पर केस दर्ज हुए। हेमंत सरकार के अब ऊँगली पर दिन बचे हैं तो महाधिवक्ता को भी अपना पद उंगली पर गिनना शुरू कर देना चाहिए।

## 16 बिजली अफसरों का स्थानांतरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** 16 बिजली अफसरों का रांची से तबादला कर दिया गया है। इनमें जेबीवीएनएल के रांची एरिया बोर्ड जीएम (महाप्रबंधक) पीके श्रीवास्तव भी शामिल हैं। पीके श्रीवास्तव का तबादला निगम मुख्यालय में महाप्रबंधक (सेल एंड परचेज) में कर दिया गया है। इसके अलावा जमशेदपुर एरिया बोर्ड के जीएम श्रवण कुमार को महाप्रबंधक एपीटी निगम मुख्यालय भेजा गया। वहीं धनजंय कुमार महाप्रबंधक एपीटी को निगम मुख्यालय में जीएम आईटी का स्थान दिया गया। साथ ही निगम मुख्यालय के महाप्रबंधक तकनीकी सुनील कुमार को जीएम मेदिनीनगर एरिया बोर्ड के पद पर स्थापित किया गया है। बता दे इससे संबंधित अधिसूचना भी जारी कर दी गयी है।

जीएम के अलावा कई डिप्टी जीएम का भी तबादला किया गया है। जिनमें उपमहाप्रबंधक डालटेनगंज मनमोहन कुमार को उप महाप्रबंधक रांची के अतिरिक्त रांची एरिया बोर्ड के जीएम का प्रभार दिया गया है। अजीत कुमार (सेल परचेज) निगम




मुख्यालय को जमशेदपुर एरिया बोर्ड का उपमहाप्रबंधक राजस्व के अतिरिक्त जमशेदपुर एरिया बोर्ड का जीएम का अतिरिक्त जिम्मा दिया गया है। इधर दीपक कुमार जमशेदपुर अंचल को उपमहाप्रबंधक निगम मुख्यालय (एसओएंडडब्लू) बनाया गया है। बता दें इन्हें महाप्रबंधक तकनीकी निगम मुख्यालय का भी अतिरिक्त जिम्मा दिया गया है। जेबीवीएनएल के प्रभारी जीएम आईटी और उपमप्रबंधक स्टोर एवं टीआरडब्लू संजय सिंह को उप महाप्रबंधक पावर प्रचेज निगम मुख्यालय के अतिरिक्त महाप्रबंधक तकनीकी मुख्यालय बनाया गया है। इसके अलावे बिजली विभाग के आठ एसई का भी तबादला किया गया है। इनमें एसई डीके सिंह का तबादला उप महाप्रबंधक चास में किया गया। डीएन साहू को रांची बिजली आपूर्ति सर्किल तथा विभा कुमारी को राजस्व रांची को प्लानिंग मुख्यालय दिया गया। वहीं गिरिडीह सर्किल के विनय कुमार सिन्हा को कोडरमा सर्किल, रांची सर्किल के दिनेश कुमार सिंह को चास सर्किल दिया गया। कोडरमा सर्किल के सुधांशु को टीआरडब्लू रांची एवं सुधीर कुमार को निगम मुख्यालय से जमशेदपुर सर्किल वहीं मुकुल कुमार को हजारीबाग से रामगढ़ सर्किल और संतोष कुमार सिन्हा को रामगढ़ से हजारीबाग सर्किल में तबादला कर दिया गया है।

## राज्य के माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रधानाध्यापक विहीन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** झारखंड बने आज 24 साल होने जा रहे हैं लेकिन अभी तक राज्य के लगभग माध्यमिक विद्यालय बिना प्रधानाध्यापक के प्रभारी के भरोसे संचालित हो रहे हैं। आज राज्य में 2700 से ज्यादा माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हैं और उनमें मात्र 20 विद्यालयों में ही प्रधानाध्यापक हैं। और वो भी सेवानिवृति के कगार पर हैं।राज्य के राजधानी रांची में जहां 139 माध्यमिक विद्यालय पर मात्र 4 प्रधानाध्यापक ही कार्यरत हैं। एक तरफ सरकार विद्यालयों को सीबीएसई के तर्ज पर उत्कृष्ट और आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित करने में लगीं हैं , तो दूसरी तरफ ये विद्यालय स्थाई हेडमास्टर के इंतजार में हैं। विद्यालय के प्रभारी विषय शिक्षक होते हैं, और उन्हें अपने विषयों में शत प्रतिशत रिजल्ट देने की जिम्मेदारी होती हैं। जिससे वे विद्यालय के पूरी व्यवस्था पर उचित ध्यान नहीं देते हैं। बिना प्रधानाध्यापक के गुणवतापूर्ण शिक्षा संभव नहीं हैं।राज्य में दो तरह से प्रधानाध्यापक की भर्ती की जाती हैं रिक्त पदों में से 50 प्रतिशत सीधी भर्ती और 50 प्रतिशत प्रोन्नति से। राज्य गठन के बाद 2009 में सिर्फ एक बार राजकीयकृत विद्यालयों के कुछ सीटों पर सीधी भर्ती से बहाली हुई। और जटिल विभागीय प्रक्रिया के चक्कर में प्रोन्नति के आस में शिक्षक सेवा निवृत हो गए। प्रधानाध्यापक के सीधी भर्ती और प्रोन्नति से भरने के लिए जो नियमावली हैं।

## झारखंड के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार अच्छा काम कर रही है : विनोद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सत्तासीन झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि भाजपा की तरफ से लगातार सरकार गिराने, सत्ताधारी दलों को तोड़ने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। तरह - तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं, लेकिन कुछ तो बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी। कुछ तो बात से मतलब लोगों के आशीर्वाद और समर्थन से है। जिसकी वजह से हेमंत सोरेन सत्तासीन हैं और इंडिया गठबंधन की सरकार भाजपा के एक के बाद एक तमाम षड्यंत्रों के बावजूद राज्य को विकास की दिशा में न सिर्फ आगे लेकर बढ़ी है बल्कि राज्य को



आत्मनिर्भर भी बना दिया है। अगले पांच वर्षो में राज्य के जरूरतमंदों को किसी महाजन से पैसा उधार लेने की जरूरत नहीं पड़ने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी दल के विधायकों के भाजपा नेताओं के संपर्क में होने की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि किसी नेता को पार्टी के कार्यकर्ता नेता बनाते हैं। जब भी टूट फूट जैसी परिस्थितियां पैदा की गई, झामुमो और मजबूत होता गया। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने नापाक मंसूबे को पूरा करने में कभी सफल नहीं होगी। भाजपा के तमाम आयातीत नेताओं और पूरी केंद्रीय कैबिनेट की ताकत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पीछे पड़ी है, लेकिन भाजपा के चाल चरित्र और चेहरो से राज्य की जनता अच्छी तरह वाकिफ हो चुकी है। इनकी दाल अब झारखंड में कभी नहीं गलेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा राज्य का साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ना चाहती है। सरकार ने इसे महसूस किया इसलिए चुनाव आयोग को पत्र लिख कर हस्तक्षेप करने की मांग की गई है।

## झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ का सम्मान समारोह 29 सितंबर को


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के कार्यक्रम प्रभारी उदय साहु ने बताया कि आगामी 29, सितंबर 2024 को अरगोड़ा स्थित लेक गार्डेन वेंकट हाल में पूर्वाह्न 11 बजे से अपने समाज के सक्रीय कार्यकर्ताओं को उनकी समाज के प्रति समर्पित उपलब्धि पर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। जिसमें विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में बसे अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर जो अपने समाज के उत्थान हेतु उत्कृष्ट योगदान दे रहे हैं वैसे कुछ चुनिंदे लोगों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के वरीय उपाध्यक्ष एवं संगठन के मुख्य कार्यक्रम संयोजक सुनील साहु ने चर्चा पर बताया। उपस्थित कार्यक्रम प्रभारी उदय साहु ने कहा कि इस सम्मेलन में सम्मान समारोह के साथ ही स्वास्थ शिविर एवं वैवाहिक परिचय का कार्यक्रम होने जा रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता बीरेंद्र साहु ने बताया कि हमारे प्रदेश संगठन के अभिभावक सह मुख्य संरक्षक उदय शंकर प्रसाद जी,संरक्षक मंडल में कुमुद प्रसाद साहु उर्फ मंटू बाबू,दिलीप गुप्ता, अरुण गुप्ता, धीरज प्रसाद साहु , रमण साहु जैसे अनेक लोगों से बात की गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय शौंडिक संघ के राष्ट्रिय महामंत्री श्याम सुन्दर प्रसाद एवम विशिष्ठ अतिथियों में छत्तीसगढ़ प्रदेश शौंडिक समाज के प्रदेश अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता रहेंगे।

## रहीम के दोहे नहीं मिल रहे हैं रविंद्र राय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** बड़े दिनों के बाद राष्ट्रीय पुस्तक मेला रांची जिला में लगी है। तो इधर से ही गुजर रहे थे तो सोचा की जिला स्कूल में लगी पुस्तक मेला हो ले । यहां कई स्टॉल घूमे , लेकिन अभी तक जितने पुस्तक के स्लॉट में अब तक घूमे पर रहीम के दोहे नहीं मिले । उक्त बातें भाजपा के पूर्व सांसद , पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र कुमार राय ने कहीं। रविंद्र राय ने कहा कि बहुत पहले मूल वेद खरीदा था, मूल वेद का महत्व समझने की जरूरत है। जिस तरह गुरु साहिब के बगैर गुरु ग्रंथ और कुरान के बगैर इस्लाम पूरा नहीं होता है , ठीक इसी तरह से सनातन में भी वेद की पूजा




होनी चाहिए । वेद में जो लिखा है वही सनातन धर्म है। वेद हर किसी को पढ़ना चाहिए । आगे उन्होंने कहा कि जब कक्षा छठी में थे तो शिक्षकों के द्वारा हितोपदेश के ज्ञान बहुत दिए जाते थे , शिक्षा से संबंधित ज्ञान होते थे। जैसे कर्म का फल मीठा होता है, मेहनत कर फल की इच्छा मत कर इत्यादि। इसलिए हितोपदेश सबको पढ़ना चाहिए। आगे उन्होंने कहा किस इस तरह की पुस्तक मेला का आयोजन लगातार होने की जरूरत है। सोशल मीडिया का युग आने से पुस्तक पढ़ने की जो आदतें थी वह लोगों में कम हो रही है। युवाओं में भी पुस्तक पढ़ने में कमी देखी जा रही है, बच्चों में भी कम हो रही है , इसलिए पुस्तक पढ़ने की आदत हर किसी को होनी चाहिए, जितना पुस्तक पढ़ेंगे, उतना ही आपकी बुद्धि विकसित होगी।

## पुस्तक मेले में हर उम्र के लिए है किताबें

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** रांची जिला स्कूल में चल रहे पुस्तक मेले में कवियों ने खूब गुदगुदाया। झारखंड लेखक संघ की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। अध्यक्षता वरिष्ठ हास्य व्यंग्य के कवि नरेंद्र बंका ने की। उन्होंने सुनाया, मसला दिल का था और दिल की मसला गया। संचालन चंदन प्रजापति ने किया। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जमशेदपुर से आई अंतरराष्ट्रीय कवयित्री अंकिता सिन्हा, रांची से श्रृंगार की कवयित्री मीना बंधन, अमन प्रियदर्शनी, बाला शंकर, रौशन आनंद, शिवांगी, आकिब खान, रंजन बरनवाल, नवीन शर्मा आदि ने भी काव्य पाठ किया।

**धार्मिक पुस्तकों के भी हैं स्टाल:** मेले में धर्म और अध्यात्म से जुड़ी पुस्तकें भी हैं। यहां गीता प्रेस, गायत्री परिवार, योगदा सत्संग, अहमदिया मुस्लिम समुदाय के भी स्टाल हैं, जहां आप धर्म-संस्कृति से जुड़ी किताबें खरीद सकते हैं। वहीं, अंग्रेजी किताबों के भी स्टाल लगे हुए हैं। अंग्रेजी की बेस्ट सेलर किताबें हैं। युवाओं की पसंद की किताबें भी यहां हैं।

**संवाद की इतिहास पर किताबें:** प्रकाशन संस्थान के स्टाल पर संवाद की किताबें हैं। यहां भारतीय इतिहास में रुचि रखने वालों को पश्चिमी विद्वानों की भारतीय इतिहास पर लिखी दर्जनों पुस्तकें हिंदी अनुवाद में उपलब्ध हैं। इसके अलावा प्रकाशन संस्थान के स्टाल पर हम भारत चीन के रिश्ते, चीन और भारत के प्राचीन संबंध, चीन का इतिहास पर दर्जनों पुस्तकें हैं। अपने पडोस के बारे में हम प्रामाणिक पुस्तकों से समझ सकते हैं। दोनों देश एक दूसरे को न केवल प्रभावित करते रहे बल्कि कुछ सीखते भी रहे। क्या सीखा, यह आप पुस्तकों में देख सकते हैं। मनोज ने बताया कि चीन के अलावा झारखंड भी एक दर्जन से ऊपर किताबें हैं।

**विकल्प पर ही झारखंड पर किताबें :** विकल्प प्रकाशन के साहिल ने बताया कि यहां पर झारखंड पर नई नई किताबें आई हैं। हजारीबाग के क्रांतिकारी, पलामू, झारखंड में मनरेगा, झारखंड की लोककथाएं, हो भाषा और जनजाति, झारखंड की लोक कला, शिबू सोरेन की जीवनी, जयपाल सिंह मुंडा सहित काफी किताबें यहां देख सकते हैं।

## सीएम से भाकपा माले के केंद्रीय महासचिव दीपांकर ने की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में भाकपा माले के केंद्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने मुलाकात की। इस अवसर पर राज्य में चल रहे विकासात्मक योजनाओं के कार्यान्वयन, जनहित से जुड़े कई अहम मुद्दे एवं राज्य की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इस मौके पर विधायक विनोद सिंह, पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, भाकपा



माले के राज्य सचिव मनोज भक्त उपस्थित थे।

## वक्फ संसोधन बिल के खिलाफ प्रदर्शन

**रांची :** वक्फ संसोधन बिल के खिलाफ आज रांची के सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा मांगों भरे तख्तियों एवंम स्कैनर कोड सहित मानव श्रंखला सैनिक मार्केट परिसर,मेन रोड़, रांची में आयोजित हुआ। तख्तियो में वक्फ संसोधन बिल को रद्द करो, वक्फ संसोधन बिल हमारे संवैधानिक अधिकारों पर हमला है, वक्फ संसोधन बिल सांप्रदायिक धुर्वीकरण बिल है,जेपीसी हमारे संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करो लिखा हुआ था साथ जेपीसी को सुझाव भेजने के लिए स्कैनर कोड लिखी तख्तियो भी थी।

## ऑस्ट्रेलिया प्रवास के अंतिम दिन तीन मंत्रियों से मिले संजय सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अपने ऑस्ट्रेलिया प्रवास के अंतिम दिन आज रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने ऑस्ट्रेलिया सरकार और मंत्री परिषद से जुड़े विभिन्न मंत्रियों से मुलाकात की। इस क्रम में ऑस्ट्रेलिया के रक्षा उद्योग मंत्री पैट्रिक मार्टिन कॉनरॉय, ऑस्ट्रेलिया में विदेश मामलों के सहायक मंत्री टिमोथी ग्राहम वॉट्स, रक्षा कार्मिक और पूर्व सैनिक मामलों के मंत्री श्री मैथ्यू जेम्स कीओघ से श्री सेठ की मुलाकात हुई। रक्षा राज्य मंत्री ने सभी मंत्रियों को झारखंडी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया के मंत्रियों के साथ श्री संजय सेठ की कई मुद्दों पर बातचीत हुई। भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच रक्षा क्षेत्र में बेहतर



काम हो सके, हम दोनों एक दूसरे के परस्पर सहयोगी बनें, पूर्व सैनिकों के कल्याण से संबंधित नीतियों के आदान-प्रदान और विचार-विमर्श भी इन मंत्रियों के साथ हुआ। यह पहला अवसर है ,जब आजादी के इतने सालों के बाद भारत ने ऑस्ट्रेलिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय एक्सपो में अपनी भागीदारी निभाई है। इसके साथ ही दोनों देशों में रक्षा क्षेत्र में और बेहतर कार्य हो सके उद्योग और तकनीकी का उत्तरोत्तर विकास हो, इस मुद्दे पर भी एक-दूसरे के साथ विचार साझा किए गए। इस मुलाकात के बाद रक्षा राज्य मंत्री ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया की तीनों मंत्रियों से मुलाकात कई मुद्दों में सार्थक रही। जिसके परिणाम आने वाले दिनों में देखने को मिलेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व का परिणाम है कि आज दुनिया में भारत का मान बढ़ा है। हमसे विचार साझा किए जा रहे हैं, सुझाव लिए जा रहे हैं। श्री सेठ ने बताया कि रक्षा के क्षेत्र में भारत को भी दुनिया में और आगे बढ़ना है। भारत की तकनीक की दुनिया मुरीद हो चुकी है। लैंड फोर्सज एक्सपो में यह अनुभव प्राप्त हुआ कि दुनिया भारत की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रही है। रक्षा क्षेत्र से जुड़े वैज्ञानिकों, कर्तव्यनिष्ठ कर्मियों की मेहनत के बल पर हम रक्षा उद्योग से भारत को आर्थिक समृद्धि और मजबूती प्रदान करेंगे।

## रांची रॉयल्स को 5 विकेट से हराकर चैंपियन बना धनबाद ड्रैगन्स

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) द्वारा आयोजित झारखंड महिला टी20 लीग के फाइनल में रोमांचक मुकाबले में धनबाद ड्रैगन्स ने रांची रॉयल्स को 5 विकेट से हराकर चैंपियन बना। बताते चले कि धनबाद ड्रैगन्स पूरी प्रतियोगिता में अपराजय रही। प्रतियोगिता की विजेता टीम धनबाद ड्रैगन्स की ट्रॉफी के साथ 1 लाख का नगद पुरस्कार दिया गया। वहीं उपविजेता टीम रांची रॉयल्स को ट्रॉफी के साथ 80 हजार का नगद पुरस्कार दिया गया। गुरुवार को प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जेएससीए के मुख्य मैदान में खेला गया। रांची रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 116 रन बनाए। रांची की ओर से टीम की कप्तान रश्मि गुड़िया ने सर्वाधिक 45 रन बनाए। संध्या कुमारी ने 33, प्रियंका सवाइयां ने 26 रनों की पारी खेली। धनबाद की ओर से दुर्गा मुर्मू ने 2 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी धनबाद




ड्रैगन्स ने 19.3 ओवर में 5 विकेट खोकर 117 रन बनाकर मुकाबले को जीत लिया। धनबाद ड्रैगन्स की ओर से सलामी बैटर शशि माथुर ने 50 रन बनाकर जीत में अहम भूमिका निभाई। वहीं कप्तान दुर्गा मुर्मू ने 24 रनों की पारी खेली। रांची की ओर से आनंदिता, नेहा, प्रियंका और शैंपी ने 1- 1 विकेट झटके। मुकाबले में शानदार पारी खेलने वाली धनबाद ड्रैगन्स की शशि माथुर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि रांची जोन के पुलिस महा निरीक्षक अखिलेश झा, जेएससीए के अध्यक्ष संजय सहाय, उपाध्यक्ष नरेंद्र सिन्हा, सचिव देवाशीष चक्रवर्ती, संयुक्त पीएन सिंह ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया।

## जिला शिक्षा अधीक्षक रांची बादल राज द्वारा निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जिला शिक्षा अधीक्षक रांची, बादल राज द्वारा 12 सितंबर 2024 को राजकीय मध्य विद्यालय करमटोली का निरीक्षण किया गया। इस विद्यालय में कुल 281 छात्रों का नामांकन है, जब कि उपस्थिति संतोषजनक पाई गई। यहां केवल तीन शिक्षक पदस्थापित है, शिक्षकों की कमी के बावजूद विद्यालय में पढ़ाई का स्तर संतोषजनक पाया गया। छात्रों से सवाल-जवाब करने पर छात्र आत्मविश्वास के साथ जवाब दे पा रहे थे। विद्यालय में संसाधनों की कमी पाई गई। कक्षाओं के लिए कमरे का अभाव पाया गया। किचन कक्ष साफ सुथरा पाया गया। जिसपर जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा पोषण वाटिका को व्यवस्थित तरीके से विकसित करने का निर्देश दिया गया एवं विद्यालय परिसर की भी साफ सफाई कराने को कहा गया, प्राचार्य कक्ष को व्यवस्थित



करने का निर्देश दिया गया। जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा जानकारी दी गई की विद्यालय में शिक्षकों की कमी को जल्द पूरा करा लिया जाएगा। विद्यालय में कोल इंडिया के सौजन्य से ष्टस्क्र के तहत संसाधन एवं शिक्षक भी प्राप्त है।

## एमजी मोटर इंडिया का इंटेलिजेंट ई-सीयूवी विंडसर लॉन्च



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने भारत की पहली इंटेलिजेंट ई-सीयूवी 'एमजी विंडसर' को लॉन्च किया है। यह कॉम्पैक्ट एसयूवी की कीमत पर उपलब्ध होगी और सेडान के आराम और एसयूवी के रोमांच का बेहतरीन मिश्रण पेश करेगी। एमजी विंडसर में एडवांस एयरोडायनामिक डिजाइन, विशाल इंटीरियर्स, स्मार्ट कनेक्टिविटी, बेहतर सुरक्षा फीचर्स और ड्राइविंग कंफर्ट शामिल हैं। इसे 9.99 लाख रुपये की शुरुआती कीमत पर पेश किया गया है, जिसमें बैटरी रेंटल 3.5 रुपये प्रति किलोमीटर तय की गई है। इसके साथ एमजी का 'बैटरी एज ए सर्विस' (बीएएएस) ओनरशिप प्रोग्राम भी मिलेगा। प्रमुख फीचर्स में 'एयरो लाउंज सीट', 'इनफिनिटी व्यू' ग्लास रूफ, 15.6 इंच का टच डिस्प्ले और 604 लीटर का बूट स्पेस शामिल हैं।

## विवेक विद्यालय में टाटा मोटर्स ने किया पर्यावरण जागरूकता पर कार्यशाला



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** छोटा गोविंदपुर स्थित विवेक विद्यालय के प्रांगण में आज टाटा मोटर्स द्वारा श्री पार्थ भट्टाचार्य की अगुवाई में 15 सदस्यों की टीम द्वारा पर्यावरण जागरूकता की थीम पर विद्यार्थियों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को सोलर इलेक्ट्रिसिटी, वाटर ट्रीटमेंट, इलेक्ट्रिक व्हीकल, पेड़ तथा वन संरक्षण, जल संरक्षण, तथा प्लास्टिक के प्रयोग से पर्यावरण को पहुंचने वाली क्षतियों के विषय पर चर्चा हुई। टीम के अग्रणी पार्थ भट्टाचार्य ने पेड़ों तथा वन के महत्व को रेखांकित करते हुए बच्चों को बताया कि अगर आप आवश्यकता के आधार पर एक वृक्ष कटते हैं तो उसके बदले कम से कम 50 पौधों का रोपण करना सुनिश्चित करें। प्राचार्य अवधेश सिंह ने टाटा मोटर्स को इस प्रकार की कार्यशाला के आयोजन हेतु धन्यवाद देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करने के क्रम में टाटा मोटर्स द्वारा उठाया गया कदम उत्कृष्ट तथा प्रशंसनीय है।

## ईद मिलादुन्नबी को लेकर चक्रधरपुर थाना में शांति समिति की बैठक



**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को चक्रधरपुर थाना में ईद मिलादुन्नबी को लेकर थाना प्रभारी राजीव रंजन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। ईद मिलादुन्नबी 16 सितंबर को मनाया जाएगा।बैठक में जुलूस ए मोहम्मदिया को लेकर दिशा निर्देश दिया गया। पहले से जुलूस का जो रूट निर्धारित है उसी रूट पर जुलूस निकला जाएगा। थाना प्रभारी राजीव रंजन ने कहा जुलूस मोहम्मदिया के दौरान डीजे पर रोक रहेगी।उन्होंने कहा ईद मिलादुन्नबी का त्योहार शांति पूर्वक एवं खुशनुमा माहौल में मनाए। इस दौरान मौके पर एस. आई.प्यारे हसन, एस.आई. सुनील पांडे, एस आई रोहित कुमार ,सी. आई. धरेंद्र प्रताप नायक, अनवर खान, नागेश्वर प्रधान, राजेश गुप्ता, संजय पासवान , शहजाद मंजर उर्फ सज्जू,मुमताज अंसारी, मोहम्मद अशरफ, नूर मोहम्मद, सन्नी खान, मो0कलीम,तजमुल हुसैन, अरशद खान, शहादत हुसैन आदि उपस्थित थे।

## मंईयां सम्मान योजना का लाभ दो माह का राशि वंचित लाभुकों को भुगतना कराया जाए : सामाड



**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य विजय सिंह सामाड ने बीस सूत्री कार्यालय में एक विशेष बैठक का आयोजन कर मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का समीक्षा किया। जिसमें प्रखंड प्रशासन की लापरवाही के कारण काफी महिलाओं का फॉर्म भर कर जमा करने के बावजूद योजना के लाभ से वंचित हो गये है जिसके चलते दो माह का राशि से लाभुक वंचित होने पर मजबूर है। मंईयां सम्मान योजना से वैसे वंचित लाभुकों ने पहले से आवेदन जमा कर चुके है वैसे आवेदन पर अविलंब पंजीकरण कार्य शुरू किया जाय ताकि वंचित लाभुकों को भी समय पर लाभ मिल सके। इस बैठक में बीस सूत्री सदस्य सह प्रखंड उपाध्यक्ष गोविन्द प्रधान, कोषाध्यक्ष पूर्ण चंद्र मुखी, संजीत बांकिरा, पान्डे राम सिजुई, नरेश ज्योतिषी, शक्ति सेन मंडल , गोपाल पुरती, चैतन गोप इसके अलावा काफी संख्या में वंचित महिलाओं उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री से गुहार, जलियांवाला बाग ट्रेन बंद नहीं हो



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राष्ट्रीय सनातन सिख सभा के राष्ट्रीय संयोजक कुलविंदर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू से आग्रह किया है कि जलियांवाला बाग एक्सप्रेस ट्रेन दिसंबर से फरवरी तक बंद नहीं होनी चाहिए। अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने ट्वीट कर उन्हें बताया है कि 4 दिसंबर से लेकर 28 फरवरी तक ट्रेन को बंद रखने का रेलवे मंत्रालय ने फैसला किया है जो पूरी तरह से गलत है। कुलविंदर सिंह के अनुसार विज्ञान इतनी प्रगति कर चुका है और भारत यह दावा करता है कि विपरीत मौसम के प्रभाव से हमारी ट्रेन अछूती है। उस दावे को झूठलाने का काम रेल मंत्रालय नहीं करें। फिर यह ट्रेन बनारस, अयोध्या, हरिद्वार, अमृतसर जैसे पावन तीर्थ स्थल को जाती है और बिहार उत्तर प्रदेश उत्तराखंड हरियाणा और पंजाब के यात्री सफर करते हैं। ठंड के मौसम की छुट्टी बच्चों को मिलती है और उसे मौसम में उत्तर भारत के यात्री अपने ग्रह स्थल नहीं पहुंच पाएंगे जो एक बहुत बड़ी विडंबना है।

## छोटा गम्हरिया दुर्गापूजा मैदान में करमा पूजा का भव्य आयोजन



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** छोटा गम्हरिया स्थित दुर्गापूजा मैदान में करमा पूजा का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर झूमर गायक और गायिकाओं ने एक से बढ़कर एक झूमर गीत व नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। पूजा के आयोजक सविता महतो ने बताया कि करमा पूजा झारखंड के लोगों का प्रमुख पूजा है। यह यहां की सभ्यता और संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि छोटा गम्हरिया दुर्गापूजा मैदान में इस वर्ष प्रथम बार इस पूजा का आयोजन किया गया है। इस दौरान परंपरागत रीति रिवाज से करमा पूजा का आयोजन किया गया जिसमे स्थानीय महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस पूजनोत्सव में लोगों की अपार भीड़ जुट गई थी। इसके आयोजन में सुसेन महतो, अमृत महतो, सूरज लाल महतो उर्फ़ लकडू महतो, देवव्रत महतो, कार्तिक महतो, इंद्रजीत महतो, मधु महतो, बादल महतो, श्याम महतो आदि का योगदान रहा।

# पीएम 15 सितंबर को विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल, जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा

- **उपायुक्त ने की पदाधिकारियों के साथ बैठक, युद्ध स्तर पर तैयारियों को मूर्त रूप देने का दिया निर्देश**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 15 सितंबर को जमशेदपुर आगमन प्रस्तावित है। इस दौरान वे टाटानगर रेलवे स्टेशन से वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। वहीं स्टेशन परिसर में ही आयोजित सभा में लाभुकों को संबोधित करेंगे तत्पश्चात वोल्टास गोलचक्कर से गोपाल मैदान तक रोड शो एवं गोपाल मैदान में आयोजित जनसभा में शामिल होंगे। बैठक में सोनारी एयरपोर्ट स्थित हेलीपैड पर प्रधानमंत्री के हेलीकॉप्टर की लैंडिंग, टाटानगर स्टेशन, स्टेशन परिसर स्थित कार्यक्रम स्थल, रोड शो, गोपाल मैदान स्थित सभा स्थल, अतिथियों की सूची आदि पर विस्तार से चर्चा की गई । बैठक में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से पदाधिकारियों को अलग-अलग टास्क सौंपें गए। भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा के दृष्टिकोण से कहां-कहां बैरेकेडिंग होने है इसका आकलन किए जाने, भवन निर्माण के कार्यपालक अभियंता को स्टेज के साइज का आकलन करने व प्रोटोकॉल व नियमानुसार प्रमाण पत्र जारी करने को लेकर निर्देशित किया। इसी तरह स्थल के चारों ओर व विभिन्न स्थानों पर मजिस्ट्रेट का डेप्लॉयमेंट करने को जिम्मेदारी दी गयी । इसी क्रम में प्रॉक्सिमिटी पास, वर्क फोर्स पास व प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारी के पास को लेकर संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। सिविल सर्जन को हॉस्पिटल को स्टैंड बाई मोड पर रखने व एंबुलेंस की व्यवस्था, फूड सेफ्टी ऑफिसर, फायर सेफ्टी ऑफिसर को भी उनके क्षेत्र से संबंधित कई टास्क सौंपे गये। कार्यक्रम का अंतिम ड्राई रन 14 सितंबर को होगा। बैठक में उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी, प्रतिनियुक्त अन्य भा. प्र. से के अधिकारी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, निदेशक एनईपी, अपर नगर आयुक्त मानगो नगर निगम, उप नगर आयुक्त जेएनएसी, डीटीओ, डीपीओ, डीपीआरओ( पंचायती राज), डीपीआरओ (जनसंपर्क), विभिन्न लाइन डिपार्टमेंट के पदाधिकारी व अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सोनारी भाजपा मंडल में चंम्पाई सोरेन का भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के अध्यक्षता में सोनारी सबुज संघ सभागार में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंम्पाई सोरेन का भव्य स्वागत किया। जिसमें मुख्य रूप से सोनु ठाकुर, मंडल के प्रवासी गंगा प्रसाद साहू, पूरन वर्मा, नारायण प्रसाद, संजय रजक, सतेन्द्र सिंह यादव, सरिता लाल, विकास साहू, प्रदीप सिंह, शंकर राय,शुशील हेसा , सुजीत आदित्य, राहुल सिंह, सुखदेव सिंह, राहुल भट्टाचार्य, कृष्णा यादव, बिराज डे, काजल मुखर्जी, नेहा साहू, कबिता मुंडा, रासबिहारी प्रसाद, संजीत कुमार सिंह, अभिषेक सिंह, अमर दास, तापस नंदी, कैलाश सरदार, मनोज मिश्रा, नरेश, गौरव नेगी, मंडल में निवास करने वाले प्रदेश, जिला एवं मंडल के पदाधिकारी, मोर्चा के अध्यक्ष शक्ति केंद्र के संयोजक, सह संयोजक, बूथ अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आर वी एस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी में आई डी ई बूट कैम्प का हुआ समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी में 11 सितम्बर से चल रहे दो दिवसीय आई डी0 ई बूट कैम्प का समापन हुआ। आज के प्रथम सत्र में प्रतिभागियों को औद्योगिक भ्रमण के लिए शहर के आदित्यपुर स्थित ऑटो- क्लस्टर में ले जाया गया। इस भ्रमण के दौरान पी एम श्री स्कूल से आए शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को भिन्न-भिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों से अवगत कराया गया। इसी क्रम में डिजाइनिंग, सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर, डाई-डिजाइनिंग एवं इसके उत्पादों के नमूने को दिखाया एवं समझाया गया। आज के द्वितिय सत्र में वाधवानी फाउंडेशन की विशेष प्रवक्ता डॉ रूची गौतम पंत ने नवाचार डिजाइन एवं उद्यमिता आधारित लघु उद्योगों की स्थापना के लिए कैसे वित्तीय मदद केन्द्र सरकार से प्राप्त की जा सकती है, इस संदर्भ में वित्तीय जागरूकता के मौलिक मापदण्डों एवं उनकी प्रक्रियाओं पर विस्तार से चर्चा की। इन नव औद्योगिक जागरण में भाग ले रहे छात्र-छात्राओं को खुद से संपोषित परिस्थितियों का विकास कैसे हो, इस पर उन्होंने सिलसिलेवार विभिन्न बिन्दुओं की व्याख्या की। आज कैम्प के तीसरे सत्र में टैक्समीन के सीईओ सूरज कुमार ने प्रवक्ता के रूप में हिस्सा लिया। अपनी प्रस्तुति में उन्होंने नवाचार के महत्व एवं उसकी उपयोगिता की व्याख्या की।

## विमल बैठा के नेतृत्व में डिमना में कार्यकर्ताओं ने किया चंपाई सोरेन का स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** गुरुवार को चाकुलिया के केरुकोचा जाने के क्रम में पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा नेता चंपाई सोरेन का भाजपा कार्यकर्ताओं ने जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता विमल बैठा के नेतृत्व में डिमना चौक में स्वागत किया। इस संबंध में बैठा ने बताया कि आदिवासी महिलाओं के द्वारा परंपरागत सांस्कृतिक नृत्य व हजारों समर्थकों ने माला पहनाकर स्वागत और अभिनंदन किया। इस दौरान चंपाई सोरेन ने डिमना चौक स्थित बाबा तिलका मांझी की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया। इसके बाद भाजपा नेता विमल बैठा और एसटी मोर्चा जिला महामंत्री विजय सोय के नेतृत्व में बाइक रैली निकाल एनएच 33 स्थित नारगा सभा स्थल पहुंचे। इस दौरान चंपाई सोरेन ने हजारों की भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि आज की ऐतिहासिक भीड़ बता रही है कि जुगसलाई विधानसभा समेत पूरे राज्य में निश्चित रूप से कमल खिलेगा। इस दौरान पन्नालाल सोरेन, राजाराम मुर्मू, मंगल सोरेन, छुटु सोरेन, गुरुपद हेंब्रम, जर्मन सोरेन, प्रदीप बेसरा, बासुदेव मंडल, अभिलाष चंद्रा, आकाश श्रीवास्तव, जीतू कुमार, मंगल टुडू, सूरज बास्के व शशि सरदार समेत हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

## सोना देवी विश्वविद्यालय परिसर में एलआईसी क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र ने किया पौधारोपण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सोना देवी विश्वविद्यालय परिसर घाटशिला, पूर्वी सिंहभूम में भारतीय जीवन बीमा निगम के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, कदमा, जमशेदपुर द्वारा पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । यह कार्यक्रम प्लांट ए लाइफ ( पीएएल) -2 एक पेड़ मां के नाम अभियान का हिस्सा है । इस अभियान के तहत भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा 10 विश्वविद्यालय, 10 महाविद्यालय और 10 स्कूलों में लगभग 100 पौधारोपण किया जाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की थी। पर्यावरण को बचाने के उद्देश्य से शुरू किए गए इस अभियान के तहत लगाए गए पौधों को वृक्ष बनने तक छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक इसकी सुरक्षा भी करेंगे। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र कदमा, जमशेदपुर के वरिष्ठ डी एम कुंटल राव, प्रशासनिक अधिकारी ए. कुमार, सेवानिवृत्ति डी एम बी एन पी गुप्ता, प्राचार्य शकुंतला मुर्मू समेत सोना देवी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रभाकर सिंह के अलावा कई गणमान्य अतिथि, शिक्षक एवं शिक्षककेत्तर कर्मचारियों के अलावा अनेक छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## पीएम नरेंद्र मोदी के जमशेदपुर आगमन को विशेष बनाने में जुटा भाजयुमो

**- पीएम के रोड शो एवं आने-जाने के मार्ग पर झंडे-बैनर व पोस्टर से होगी साज-सज्जा**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

जमशेदपुर- 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जमशेदपुर आगमन पर प्रस्तावित रोड शो और बिस्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में विशाल जनसभा को सफल बनाने में भाजपा विभिन्न स्तरों पर तैयारी कर रही है। इसी कड़ी में, गुरुवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा, जमशेदपुर महानगर की एक महत्वपूर्ण बैठक साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में मोर्चा अध्यक्ष नीतीश कुशवाहा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी के स्वागत में उनके आगमन-प्रस्थान और रोड शो के मार्ग एवं चौक-चौराहों पर पार्टी के झंडे, बैनर-पोस्टर एवं अन्य प्रचार सामग्रियों से सजाने को लेकर रूपरेखा बनाई गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं को साज-सज्जा के निमित्त जिम्मेदारियां प्रदान की गई। वहीं, युवा मोर्चा द्वारा अभियान चलाकर अधिक से अधिक युवाओं को जनसभा से जोड़ने पर रूपरेखा बनाई गयी।

## डांडिया नाइट ने गणेश उत्सव में भरी रंगत, जुगसलाई में मची धूम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गणेश उत्सव की भव्यता तब जीवंत हो उठी जब जुगसलाई एमई स्कूल रोड स्थित संकल्प रेसिडेंसी में सात दिवसीय उत्सव के अंतर्गत एक रंग-बिरंगी डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। संगीत, नृत्य और उत्साह से भरी इस शाम में महिलाएं और उनके पति पारंपरिक गुजराती परिधानों में सजे-धजे नजर आए। उन्होंने रंगीन रोशनी से जगमगाते आसमान के नीचे डांडिया की लय पर थिरकते हुए उत्सव की शोभा बढ़ाई। इस उत्सवी माहौल को और जीवंत बनाते हुए मशहूर स्थानीय गायक मोनू शर्मा ने पारंपरिक गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसने इस शाम को खास बना दिया। ढोल की थाप, डांडिया की टकराहट ने एक उमंगपूर्ण माहौल पैदा किया, जो गणेश उत्सव की खुशी और जोश से भरा हुआ था। प्रतिभागियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर सम्मानित भी किया गया। यह आयोजन केवल नृत्य तक सीमित नहीं रहा –मनोरंजक प्रतियोगिताओं ने इस को और रोचक बना दिया। ईट एंड रन, सिट एंड ड्रॉ, स्पून एंड मार्बल रेस, नो-फायर कुकिंग कॉन्टेस्ट और पार्टी मेकअप कॉन्टेस्ट जैसे प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया।

## झारखंड अधिकारी, शिक्षक व कर्मचारी संघ की बैठक में प्रखंड कार्यकारिणी का पुनर्गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** राष्ट्रीय पुरानी पेंशन योजना आंदोलन (एनएमओपीएस) व झारखंड अधिकारी, शिक्षक और कर्मचारी संघ के सदस्यों की बैठक सह चेतना जागरण समारोह छोटा गम्हरिया स्थित एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संतोष कुमार महतो ने किया। इस मौके पर संघ के प्रखंड कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया जिसमे सर्वसम्मति से अश्विनी कुमार को प्रखंड संरक्षक तथा मुकेश कुमार गुप्ता को प्रखंड अध्यक्ष चयन किया गया। इसके अलावा प्रवीण कुमार प्रधान व छवि महतो को उपाध्यक्ष, सुरेन्द्र नाथ सिंह को सचिव, महाराज सिंह को कोषाध्यक्ष, लंबोदर महतो को संयुक्त सचिव तथा अजीत कुमार व ज्ञान प्रकाश को मीडिया प्रभारी बनाया गया। साथ ही, विनोद महतो को कांड्रा पंचायत प्रतिनिधि मनोनीत किया गया।कार्यक्रम को वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अमित कुमार महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजमोहन यादव, जिला मीडिया प्रभारी रंजीत रविदास, जिला संयुक्त सचिव प्रकाश कुमार मंडल, राज्य प्रतिनिधि कामदेव महतो, जिला कोषाध्यक्ष हरे कृष्ण महतो, जोबा मंडल, लिटा माझी आदि ने भी संबोधित किया।

# क्या इस बार भी कोल्हान में भाजपा की हसरतें रह जाएगी अधूरी?

## कोल्हान फतह को बेताब भाजपा को आजादी के बाद अब तक जुगसलाई में नहीं मिली सफलता



विमल बैठा



नीलू मछुआ



परेश मुखी



मुचीराम बाउरी

**प्रभात मंत्र पॉलिटिकल डेस्क**

**जमशेदपुर :** भारतीय जनता पार्टी भले ही विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई हो लेकिन आजादी के 77 वर्षों के बाद भी झारखंड के कोल्हान प्रमंडल में आने वाले जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में कभी कमल नहीं खिला पाई है। यहां की कुल 14 विधानसभा सीटों में से 13 सीटों पर कभी न कभी भाजपा प्रत्याशियों को जीत मिल चुकी है लेकिन जुगसलाई सीट पर अब तक सफलता नहीं मिलना, चर्चा का विषय बन गया है। हालांकि पिछले 2000, 2005, 2009 एवं 2019 के चुनाव में भाजपा ही दूसरे नंबर की पार्टी रही है और हर बार की तरह उसके प्रत्याशियों को निराशा हाथ लगी है। इनमें से 2005 एवं 2009 का मुकाबला काफी करीबी रहा और उसमें भाजपा प्रत्याशी हाराधन दास (अब दिवंगत) और राखी राय को महज 3- 3 हजार वोटों से हार का सामना करना पड़ा था। हां यह बात भी सही है कि 2014 में उसके ही वोट बैंक के सहारे एनडीए के घटक दल आजसू पार्टी ने यह सीट जीतकर एनडीए की सरकार बनाने में जरूर मदद की थी। इस बार फिर से राज्य में एनडीए के अन्य घटक दलों के अलावा आजसू के साथ भी भाजपा गठबंधन करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने का मन बना चुकी है। आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो तो बकायदा गठबंधन में चनाव लड़ने की घोषणा कर चुके हैं। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि अगर इस बार भी गठबंधन में यह सीट आजसू के खाते में जाती है तो फिर भाजपा कार्यकर्ताओं की हसरतें अधूरी रह जाएगी। चुनाव लड़ना और जीतना सिर्फ सपना ही बनकर रह जाएगा। भाजपा की ओर से बुधवार को डॉल्फिन क्लब एनएच 33 में आयोजित रायशुमारी में भले ही चार प्रबल दावेदारों मुचीराम बाउरी, विमल किशोर बैठा, नीलू मछुआ और परेश मुखी के नाम पर कार्यकर्ताओं ने गुप्त मतदान किया हो लेकिन उन्हें अब भी डर है कि कहीं यह सीट 2014 की भांति इस बार भी आजसू के खाते में न डाल दी जाय। क्योंकि हर चुनाव में रायशुमारी तो की जाती है लेकिन होता वही है जो पार्टी हाई कमान चाहती है। इस सीट पर आजसू पार्टी से रामचंद्र सहिस दो बार 2009 और 2014 में जीत हासिल कर चुके हैं और 2019 में तीसरे नंबर पर रहने के बावजूद उनकी ओर से मजबूत दावेदारी की जा रही है। सहिस को पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने अपने केंद्रीय कमेटी के प्रधान महासचिव बनाया है और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभालने वाले नेता के लिए सीट हासिल कर पाते हैं या नहीं यह भी देखने वाली बात होगी।

**चंपाई के भाजपा में आने के बाद पार्टी को बढ़ी उम्मीद**

झामुमो से पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को तोड़कर लाने के बाद भाजपा के पंचायत स्तर के कार्यकर्ता से लेकर हाई कमान तक को यह उम्मीद है कि कोल्हान में इस बार अधिकांश सीटों पर कमल जरूर खिलेगा। चंपाई के भरोसे ही पार्टी आगे बढ़ रही है क्योंकि पार्टी को उम्मीद है कि झामुमो के परंपरागत वोट बैंक पर सेंधमारी संभव हो सकती है।

**कोल्हान की 13 सीटें जहां भाजपा के विधायक बने**

जमशेदपुर पूर्वी : दीनानाथ पांडेय, रघुवर दास। जमशेदपुर पश्चिमीः मृगेन्द्र प्रताप सिंह, सरयू राय। पोटकाः मेनका सरदार, घाटशिलाः लक्ष्मण टुडू। बहरागोड़ा : दिनेश षाड़ंगी। ईचागढ़ : अरविन्द सिंह, साधुचरण महतो। सरायकेलाः अनंत राम टुडू। खरसावांः अर्जुन मुण्डा, मंगल सिंह सोय। चाईबासा : पुत्कर हेम्ब्रम। चक्रधरपुर : लक्ष्मण गिलुआ। मझगांवः बड़कुंवर गागराई। मनोहरपुरः गुरुचरण नायक। जगन्नाथपुरः मधु कोड़ा। जुगसलाई : कोई नहीं।

संपादकीय

# पहलवानों का राजनीतिक कदम

**देश** के प्रख्यात, चैम्पियन पहलवानों-बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट-ने अचानक ही कांग्रेस का 'हाथ' नहीं थामा है। कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह, बेशक, उन्हें 'खलनायक' करार दें अथवा युवा-नाबालिग पहलवान बेटियों के यौन उत्पीडऩ के खिलाफ उनके आंदोलन को 'कांग्रेसी साजिश' कहें, लेकिन दोनों ही पहलवान, अपने-अपने वर्गों में, अद्वितीय रहे और उन्हें भारत की आन-बान-शान माना गया। प्रधानमंत्री मोदी ने निजी स्तर पर उनसे मुलाकातें कीं और सहयोग का हर हाथ बढ़ाया। बेशक कांग्रेस के साथ जुडऩा और कांग्रेस की ही राजनीति करना विनेश और बजरंग का संवैधानिक अधिकार है। वे विधायक बनें, मंत्री बनें या राष्ट्रीय स्तर पर कोई भूमिका निभाएं, लेकिन भारतीय कुश्ती को अभी उनकी जरूरत थी। उनमें 'पहलवानी' शेष थी। कुश्ती के प्रति ही जुड़ाव रहना चाहिए था। विनेश ने कहा भी था कि वह 32-33 साल की उम्र तक कुश्ती लडऩा चाहती हैं। अर्थात चार साल बाद का ओलंपिक उनके मानस में था। लिहाजा पाला बदल कर राजनीति में उतरना एक 'नैतिक विकृति' है। असंख्य चैम्पियन खिलाड़ी राजनीतिज्ञ बने हैं, लेकिन आज वे सिर्फ नेता हैं। उनका खिलाड़ी का चेहरा गायब हो चुका है। अतीत के इतिहास को कौन खंगालता है? बहरहाल जंतर-मंतर पर हमने चैम्पियन पहलवानों के आंदोलन को करीब से देखा है। बेशक उसे 'खिलाडियों का आंदोलन' घोषित किया जाता रहा और वामपंथी नेता वृंदा करात को मंच से उतरने को बाध्य किया गया, लेकिन कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के साथ विनेश, साक्षी मलिक, बजरंग आदि इस तरह बतियाते नजर आए मानो सहेलियां गप्पें मार रही हों! आंदोलन के मंच तक राहुल गांधी और दीपेंद्र हुड्डा सरीखे कांग्रेसी सांसदों को प्रवेश क्यों दिया गया? क्या वे राजनेता नहीं थे। यकीनन कुछ 'खिचड़ी' तो पक रही थी! यदि सोच और विचारधारा के स्तर पर दोनों पहलवान 'कांग्रेसी' रहे हैं, तो हमें कोई आपत्ति नहीं है। यह भी उनका मौलिक अधिकार है। देश में बीते 10 सालों से प्रधानमंत्री मोदी की सरकार सक्रिय है, लिहाजा दोनों पहलवानों को वल्ड चैम्पियनशिप, राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में शिरकत करने की अनुमति और आर्थिक मदद किसने दी थी? विनेश के लिए हंगरी के विश्व विख्यात कोच के साथ अनुबंध किसने किया था और करोड़ों की फीस अदा की गई? हम मानते हैं कि यह सरकार का दायित्व था, लेकिन यह दायित्व तो देश के 145 करोड़ भारतीयों और प्रत्येक खिलाड़ी के प्रति भी था। कितनों को इतनी प्राथमिकताएं दी गईं या मिल पाती हैं? बहरहाल कुश्ती को यहीं छोड़ते हैं, लेकिन आंदोलन तो अधर में लटक जाएगा। जिस आंदोलन की खातिर विनेश ने सडक़ पर, पुलिसियों द्वारा घसीटा जाना झेल लिया, सरकार के कथित अन्याय को बर्दाश्त किया, क्योंकि सरकार अपने सांसद को बचाती रही, हमें लगता है कि विनेश भी उस आंदोलन को कभी भूल नहीं पाएंगी। अभी तो बजरंग और विनेश नए-नए नेता बने हैं, लिहाजा लच्छेदार भाषा बोल रहे हैं कि वे हर पीड़ित, शोषित खिलाड़ी बेटी के संग खड़े रहेंगे। उनकी मदद करेंगे, लेकिन यह हकीकत नहीं होगी और कुछ ही महीनों में यथार्थ सामने होगा! अब अकेली साक्षी मलिक ने आंदोलन को जारी रखने का आश्वासन देश को दिया है। देखते हैं, वह कहां तक चल पाती हैं। राजनीति में आने का ऑफर तो उन्हें भी मिला था। उन्होंने स्वीकार नहीं किया और वह आंदोलन के संकल्प पर अडिग रहीं। साक्षी भी ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता पहलवान रही हैं। विनेश को तो अभी यह जीत हासिल करनी है। उनके साथ जो भी हुआ, वह किसी और की गलती नहीं थी। ऐसी खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ी को अपना वजन तय सीमा से कम ही रखना होता है। बहरहाल जो भी हुआ, वह भारत के लिए दुस्वप्न जैसा था। बहरहाल 'पहलवान से कांग्रेसी नेता' बने विनेश-बजरंग के खिलाफ भाजपा समेत कुछ दलों ने ओछी फिकरेबाजी शुरू भी कर दी है। यही हमारी राजनीति के भद्दे संस्कार हैं।

कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह, बेशक, उन्हें 'खलनायक' करार दें अथवा युवा-नाबालिग पहलवान बेटियों के यौन उत्पीडऩ के खिलाफ उनके आंदोलन को 'कांग्रेसी साजिश' कहें, लेकिन दोनों ही पहलवान, अपने-अपने वर्गों में, अद्वितीय रहे और उन्हें भारत की आन-बान-शान माना गया। प्रधानमंत्री मोदी ने निजी स्तर पर उनसे मुलाकातें कीं और सहयोग का हर हाथ बढ़ाया। बेशक कांग्रेस के साथ जुडऩा और कांग्रेस की ही राजनीति करना विनेश और बजरंग का संवैधानिक अधिकार है। वे विधायक बनें, मंत्री बनें या राष्ट्रीय स्तर पर कोई भूमिका निभाएं, लेकिन भारतीय कुश्ती को अभी उनकी जरूरत थी। उनमें 'पहलवानी' शेष थी। कुश्ती के प्रति ही जुड़ाव रहना चाहिए था। विनेश ने कहा भी था कि वह 32-33 साल की उम्र तक कुश्ती लडऩा चाहती हैं। अर्थात चार साल बाद का ओलंपिक उनके मानस में था।

## घरेलू बचत में गिरावट सरकार की भी चिंता का कारण बन गई है

# घरेलू बचत घटने की चिंताएं

डा. जयंती लाल भंडारी

घटती हुई घरेलू बचत के खतरे को भांपते हुए हाल ही में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल की बैठक में कहा कि बैंकों के द्वारा जमा राशि बढ़ाने के लिए ऐसी आकर्षक ब्याज योजना लाई जानी चाहिए, जिससे बैंकों में सेविंग्स की धनराशि में तेज इजाफा हो सके। गौरतलब है कि घरेलू बचत किसी व्यक्ति की आय की वह शेष राशि है, जो उपभोग आवश्यकताओं और विभिन्न वित्तीय देनदारियों के भुगतान के बाद बचती है।

**यकीनन** इस समय देश में आम आदमी का पहला आर्थिक और वित्तीय सहारा कही जाने वाली घरेलू बचत में लगातार कमी आने का चिंताजनक रुझान दिखाई दे रहा है। घटती हुई घरेलू बचत के खतरे को भांपते हुए हाल ही में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल की बैठक में कहा कि बैंकों के द्वारा जमा राशि बढ़ाने के लिए ऐसी आकर्षक ब्याज योजना लाई जानी चाहिए, जिससे बैंकों में सेविंग्स की धनराशि में तेज इजाफा हो सके। गौरतलब है कि घरेलू बचत किसी व्यक्ति की आय की वह शेष राशि है, जो उपभोग आवश्यकताओं और विभिन्न वित्तीय देनदारियों के भुगतान के बाद बचती है। घरेलू बचत को बैंक और गैर बैंक जमा, जीवन बीमा निधि, भविष्यनिधि और पेंशननिधि, पोस्ट ऑफिस की छोटी बचत योजनाओं तथा अन्य वित्तीय उपकरणों में निवेश किया जाता है। यदि हम घरेलू बचत संबंधी आंकड़ों को देखें तो पाते हैं कि जो घरेलू बचत वर्ष 2006-07 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 18 फीसदी के स्तर पर थी, वह वर्ष प्रतिवर्ष घटते हुए वर्ष 2022-23 में जीडीपी के 5.2 फीसदी स्तर पर आ गई और अब यह पिछले पांच दशकों में सबसे कम स्तर पर है। स्थिति यह है कि घरेलू बचत में गिरावट सरकार की भी चिंता का कारण बन गई है। राष्ट्रीय लघु बचत प्राप्तियों के लिए इस वित्त वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में 14.77 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया था। लेकिन 23 जुलाई को पेश किए गए वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट में लघु बचतों से प्राप्ति के अनुमान को घटाकर 14.20 लाख करोड़ रुपए कर दिया गया है। चूंकि सरकार अपने राजकोषीय घाटे को पाटने के लिए लघु बचत योजनाओं के तहत संग्रह राशि का भी उपयोग करती है।

निःसंदेह शताब्दियों से भारत एक ऐसा देश रहा है जहां लोग कमाई का एक हिस्सा भविष्य के लिए घरेलू बचत के रूप में बचाकर रखते रहे हैं। लेकिन अब इस बचत की प्रवृत्ति में बड़ा बदलाव दिखाई दे रहा है। लोगों के द्वारा आवास, वाहन, शिक्षा तथा अच्छे आरामदायक जीवन के लिए विभिन्न प्रकार के कर्ज लगातार बढ़ाए जा रहे हैं। जहां परिवारों की वित्तीय देनदारियां बढने से घरेलू बचत सीधे तौर पर कम हुई है, वहीं आय के एक हिस्से का इस्तेमाल विभिन्न प्रकार के ऋणों के ब्याज के भुगतान के लिए भी किए जाने से घरेलू बचत कम हुई है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि देश में लघु बचत योजनाओं के तहत जो 40 करोड़ से अधिक बचतकर्ता हैं, उनके द्वारा भी विभिन्न लघु बचत



योजनाओं में तुलनात्मक रूप से कम ब्याज मिलने के कारण निवेश में कमी आई है। प्रमुख रूप से राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी), लोक भविष्य निधि (पीपीएफ), किसान विकास पत्र (केवीपी) और सुकन्या समृद्धि खाता जैसी अन्य योजनाओं के तहत कम निवेश प्राप्त हो रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि देश में बदली हुई आयकर व्यवस्था के कारण भी आयकरदाताओं के द्वारा की जाने वाली घरेलू बचत में कमी आ रही है। इस समय देश में आयकर भुगतान की पुरानी और नई दो कर रिजीम हैं। जहां पुरानी कर रिजीम में बचत और निवेश के लिए प्रोत्साहन हैं, वहीं नई कर रिजीम में बचत के वैसे प्रोत्साहन नहीं हैं। इस समय ज्यादातर आयकरदाता नई कर रिजीम अपना रहे हैं। ज्ञातव्य है कि इस वर्ष 31 जुलाई तक आयकर आकलन वर्ष 2024-25 के लिए दाखिल किए गए कुल 7.28 करोड़ आईटीआर में से नई कर रिजीम के तहत 5.27 करोड़ रिटर्न दाखिल किए गए हैं। वहीं पुरानी कर रिजीम में दाखिल रिटर्न की संख्या 2.01 करोड़ है। इस प्रकार लगभग 72 प्रतिशत करदाताओं ने नई कर व्यवस्था को चुना है। स्पष्ट है कि नई कर व्यवस्था से बचत व निवेश की जगह उपभोग खर्च बढ़ाने की प्रवृत्ति को अधिक प्रोत्साहन मिल रहा है।

घरेलू बचत में कमी का एक कारण देश में महिलाओं के द्वारा उनके पास आने वाले धन का उपयुक्त निवेश नहीं किया जाना भी है राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की रिपोर्ट के मुताबिक मार्च 2023 तक देश के बैंकों में कुल 252 करोड़ व्यक्तिगत खातों में से हर तीसरा खाता महिला के नाम पर है, लेकिन बैंकों में जमा कुल 187 लाख करोड़ रुपए में से सिर्फ 20 फीसदी ही महिला खातों में जमा हैं। ऐसा नहीं है कि घरेलू बचत में कमी का कारण देश में लोगों की आय में कमी आना है। वस्तुतः भारत में प्रतिव्यक्ति आय तेजी से बढ़ रही है। 10 वर्ष पहले वर्ष 2014-15 में जो प्रति व्यक्ति आय 86647 रुपए थी, वह 2023-24 में करीब 2.28 लाख रुपए के स्तर पर पहुंच गई है। इस तरह तेजी से बढ़ी आय के साथ अब बड़ी संख्या में लोग अपनी बचत का ऐसी जगह पर निवेश कर रहे हैं, जहां उनको ज्यादा ब्याज और ज्यादा रिटर्न मिल रहा है। लोगों की बचत का तेज प्रवाह शेयर बाजार म्युचुअल फंड, रियल एस्टेट, महंगे वाहनों, सोने एवं बहुमूल्य धातुओं की खरीदी और आरामदायक व विलासिता के सामानों की ओर बढ़ रहा है। देश के छलांगे लगाकर बढ़ते हुए शेयर बाजार में भी तेज रिटर्न मिल रहा है। 10 वर्ष पहले जो सेंसेक्स 25 हजार के स्तर पर था, आज वह 80 हजार के ऊपर है। जुलाई 2024 में भारतीय शेयर बाजार का आकार 5.5 ट्रिलियन डॉलर हो गया है और भारत का शेयर बाजार दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार है। बड़ी संख्या में लोगों के कदम म्युच्यल फंड की ओर बढ़े हैं। जून 2024 तक म्युच्यल फंड के लिए डीमैट खातों की संख्या आश्चर्यजनक रूप से बढ़कर 16.2 करोड़ हो गई है।

विभिन्न आर्थिक एवं वित्तीय संगठनों की रिपोर्टों में भी इस बात का विश्लेषण किया जा रहा है कि लोगों को घरेलू बचत की योजनाओं तथा बैंकों में बचत की धनराशि जमा करने से मिलने वाले रिटर्न की तुलना में शेयर बाजार, म्यूच्युल फंड और अन्य भौतिक सम्पत्तियों में निवेश करने से अधिक रिटर्न मिल रहा है। अतएव घरेलू बचत में कमी आ रही है। यद्यपि घरेलू बचत के घटने की स्थिति चिंताजनक है, लेकिन घरेलू बचत का घटना किसी पारिवारिक या सामाजिक वित्तीय संकट की आहट नहीं है। रिजर्व बैंक के मुताबिक देश में परिवारों की वित्तीय देनदारियों में वृद्धि के बावजूद, परिवारों की बैलेंस शीट बेहतर बनी हुई है। मार्च 2023 के अंत में परिवारों की वित्तीय संपत्तियां उनकी देनदारियों की तुलना में 2.7 गुना थीं। भारतीय परिवारों का ऋण सेवा बोझ, यानी आय के प्रतिशत के रूप में ब्याज का भुगतान मार्च 2021 में 6.9 प्रतिशत से घटकर मार्च 2023 में 6.7 प्रतिशत रह गया, जो वैश्विक स्तर पर भी सराहनीय है। हम उम्मीद करें कि हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और रिजर्व बैंक के द्वारा बैंकों को तत्परतापूर्वक घरेलू बचतों के निवेश को आकर्षक और जोखिम रहित बनाने के लिए जो दिशा निर्देश दिए गए हैं, उनके मद्देनजर सभी बैंक अपनी बचत योजनाओं को आकर्षक बनाएंगे। बैंकों के द्वारा कुछ इनोवेटिव और आकर्षक पोर्टफोलियो लाए जाएंगे और जमा प्राप्त करने के नए बाजार तलाशे जाएंगे।

दृष्टि कोण

# हरित ऊर्जा से पर्यावरण संरक्षण एवं विकास

**ऊर्जा** और जीवन एक-दूसरे के पर्याय हैं। बिना ऊर्जा के विकास गतिविधियां संभव नहीं हैं। जीवाश्म ईंधन की वजह से पर्यावरण प्रदूषण व जलवायु संकट का सामना करना पड़ रहा है। जीवाश्म ईंधन जलाने से वातावरण में ग्रीनहाउस गैसें निकलती हैं जो ग्लोबल वार्मिंग का कारण बनती हैं। पर्यावरण चुनौतियों से निपटने का एक ही विकल्प है हरित ऊर्जा। हरित ऊर्जा प्राकृतिक स्रोतों से मिलने वाली ऊर्जा है। पर्यावरण संरक्षण, अच्छी प्राणवायु व स्वास्थ्यवर्धक वातावरण के लिए हमें आज हरित प्रौद्योगिकी को अपनाना होगा। हरित प्रौद्योगिकियां ऐसे उत्पाद और सुविधाएं बनाती हैं जो पर्यावरण मैत्री है तथा प्रकृति, पर्यावरण, वातावरण एवं समाज पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालती। हरित प्रौद्योगिकियां नवीकरणीय प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर पृथ्वी को बचाने का काम करती हैं। हरित ऊर्जा हमें सूर्य-प्रकाश, पवन, वर्षा, ज्वार, पौधों एवं भूतापीय गर्मी से प्राप्त होती है। पर्यावरण सुरक्षा एवं प्रदेश की नैसर्गिक सुंदरता को बिना क्षति पहुंचाए राजस्व लाभ, रोजगार प्राप्त करने हेतु प्रदेश सरकार ने क्रांतिकारी एवं साहसिक कदम उठाते हुए 31 मार्च 2026 तक हिमाचल को देश का प्रथम हरित ऊर्जा राज्य (ग्रीन एनर्जी स्टेट) विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस सकारात्मक सोच से जहां प्रदेश वासियों को स्वच्छ वायु, स्वास्थवर्धक वातावरण, रोजगार मिलेगा, वहीं प्रदेश को राजस्व लाभ एवं ऊर्जा संकट से निदान मिलेगा। प्रदेश सरकार सौर ऊर्जा, जल विद्युत और हाइड्रोजन का दोहन कर प्रदेश को सशक्त हरित ऊर्जा राज्य बनाने हेतु वचनबद्ध है। सौर ऊर्जा भारी मात्रा में उपलब्ध नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोत है। एक घंटे की सूर्य रोशनी में दुनिया के लिए एक वर्ष की ऊर्जा समाहित है। सूर्य प्रकाश को फोटोवोल्टिक सेल से सीधे विद्युत में परिवर्तित किया जा सकता है। भारत में मार्च 2024 तक 81.81 गीगावॉट सौर ऊर्जा की कुल स्थापित क्षमता प्राप्त की है। प्रदेश सरकार सौर ऊर्जा के क्षेत्र में हिमाचल की भागीदारी बढ़ाकर 12 प्रतिशत तक पहुंचाना चाहती है। प्रदेश भर में 500 मेगावाट क्षमता की सौर परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। ऊना जिले के पेखूबेला में 32 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना तैयार की गई है तथा अघलौर में 10 मेगावाट और भंजाल में 5 मेगावाट क्षमता वाली परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। हिमाचल प्रदेश गांव में बसता है तथा गांवों में ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लिए सौर ऊर्जा बेहतरीन विकल्प है। सौर लालटेन, सौर स्ट्रीट लाईट, ग्रामीण विद्युतीकरण के लिए माइक्रो-मिनी ग्रिड ने गांवों में नए उजाले की शुरुआत की है। अभी हाल ही में कुल्लू के मलाणा में बादल फटने से ऐसी आपदा बरसी कि पावर प्रोजैक्ट की डैम साइट बर्बाद हो गई। मलाणा के लोग अंधेरे में बस रहे हैं। ऐसे में मेक माई ट्रिप फाउंडेशन ने मलाणा को प्रकाशमय करने के लिए 500 सोलर लाइट्स प्रदान की हैं। प्रशासन द्वारा प्रति घर एक-एक सोलर लाइट दी जा रही है। सोलर लाइट सिस्टम से तीन बल्ब जलेंगे तथा फोन चार्ज करने की भी सुविधा है। राज्य की कुल चिन्हित जल विद्युत क्षमता लगभग 27 हजार 436 मेगावाट है। दोहन योग्य विद्युत क्षमता 23 हजार 750 मेगावाट है। वर्तमान में 10 हजार 781.88 मेगावाट का दोहन किया जा चुका है। हरित ऊर्जा के दोहन में ग्रीन हाइड्रोजन विशेष है। पानी का इलेक्ट्रोलिसिस कर हाइड्रोजन और ऑक्सीजन को पृथक कर ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन किया जाता है। नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से जो बिजली प्राप्त होती है, उससे इलेक्ट्रोलिसिस किया जाता है। हरित हाइड्रोजन एक स्वच्छ और टिकाऊ ईंधन है। हाइड्रोजन का हरित रूप पर्यावरण हितैषी है, क्योंकि कार्बन उत्सर्जन शून्य है। औद्योगिक क्षेत्र नालागढ़ में आंचल इंडिया कंपनी के सहयोग से ग्रीन हाइड्रोजन गैस के उत्पादन के लिए एक मेगावाट का संयंत्र उद्योग लगाया गया है, जो कि प्रदेश का पहला ग्रीन हाइड्रोजन प्रोजेक्ट है। प्रदेश में ग्रीन इलेक्ट्रिल व्हीकल पॉलिसी लागू की गई है। परिवहन विभाग में इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रयोग किया जा रहा है। बायो एनर्जी की क्षमता का दोहन करने, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को नियंत्रित करने में इलेक्ट्रिक वाहन की अहम भूमिका है। पूरे भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 10000 से अधिक पब्लिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित किया जा चुके हैं। प्रदेश सरकार प्रदेश में प्रस्तावित चार्जिंग स्टेशनों के लिए मुफ्त जमीन व बिजली उपलब्ध करवा रही है।

कुछ अलग

# कारगिल पर स्वीकारोक्ति

**जिस** सच को भारत बार-बार दोहराता रहा है कि कारगिल युद्ध में पाक के सैनिकों की पूरी भूमिका रही है, उस सच को पाक सेना प्रमुख ने पच्चीस साल बाद स्वीकारा है। पाक की यह सफाई ऐसे वक्त में आई है जब भारत ने कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ कुछ समय पहले ही मनायी है। बीते शुक्रवार को पाक के रक्षा और शहीद दिवस के मौके पर सेना प्रमुख जनरल सैयद आसिम मुनीर की स्वीकारोक्ति के गहरे निहितार्थ हैं। हालांकि, मुनीर ने गोलमोल तरीके से भारत व पाक के बीच हुए युद्धों समेत कारगिल में हजारों सैनिकों के मारे जाने की बाद कही। दरअसल, वर्ष 1999 के कारगिल संघर्ष को लेकर पाक के किसी शीर्ष सैन्य अधिकारी की पहली सार्वजनिक स्वीकारोक्ति है कि इस युद्ध में पाक सेना शामिल थी। अब तक पाक दलील देता रहा है कि कारगिल में कश्मीर के लिये लड़ने वाले लोग शामिल थे। हालांकि, इस साल की शुरुआत में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कारगिल का नाम लिये बिना यह स्वीकारा था कि इस्लामाबाद ने 1999 में हुए उस समझौते का उल्लंघन किया था, जिस पर उनके व तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के हस्ताक्षर थे। यह स्वीकार्य तथ्य है कि कारगिल हमले का दुस्साहस जनरल परवेज मुशर्रफ द्वारा रची साजिश के तहत ही हुआ है। दरअसल, पाकिस्तानी सेना ने बांग्लादेश युद्ध में मिली शर्मनाक हार का बदला लेने का असफल प्रयास ही किया था। बहरहाल, पाक सेना प्रमुख की कारगिल युद्ध में सेना के शामिल होने की स्वीकारोक्ति के छिपे निहितार्थ भी हो सकते हैं। मगर प्रश्न टाइमिंग को लेकर है कि आखिर क्या वजह थी जो पाक ने यह तब स्वीकारा जब भारत कारगिल विजय के पच्चीस वर्ष पूरे होने पर जश्न मना चुका है। लेकिन स्पष्ट है कि पाकिस्तान में लोकतंत्र सेना के शिकंजे में पूरी तरह जकड़ा हुआ है। सत्ता पर काबिज शरीफ बंधुओं पर सेना का पूरा दबदबा है। वहीं मुखर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जेल की सलाखों के पीछे हैं। दरअसल, पाक दुनिया को यह दिखाने का प्रयास कर सकता है कि वह अपनी अतीत की भूलों को स्वीकार रहा है और अपनी ऐतिहासिक भूलों से सबक सीखने को उत्सुक है। तभी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इसी कार्यक्रम में कहा था कि पाक अपने सभी पड़ोसियों से बेहतर संबंध बनाना चाहता है। संभव है कि पाक अगले महीने इस्लामाबाद में होने वाली एससीओ बैठक के लिये माहौल बनाने का प्रयास कर रहा हो। जिसमें वह भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाग लेने की उम्मीद जता रहा है। लेकिन भारत पाक की बातों पर सहज विश्वास कर ले, उसका कोई तार्किक आधार नजर नहीं आता। दोनों देशों के बीच अविश्वास की खाई बीतों दिनों में लगातार चौड़ी होती रही है। खासकर पिछले दिनों जम्मू क्षेत्र में पाक प्रशिक्षित आतंकवादियों द्वारा भारतीय सैनिकों पर लगातार किए गए हमलों में उसकी भूमिका को लेकर। निश्चित रूप से जनरल मुनीर से एलओसी के पार आतंकी हमलों में पाकिस्तानी सेना की भूमिका को स्पष्ट करने के लिये कहा जाना चाहिए।

देश दुनीया से

# कंधार अपहरण के असहज सत्य और सबक

नरेंद्र मोदी सरकार की मुश्किल यह है कि उन काले दिनों और रातों को दफनाना चाहती है – जो 1999 में क्रिसमस से पहली शाम और नए साल की पूर्व संध्या के बीच मुसीबत बनकर टूटे थे, जब अटल बिहारी वाजपेयी सरकार को 300 से अधिक यात्रियों की जिंदगी के बदले में तीन आतंकवादियों को रिहा करना पड़ा था –इसकी जगह वह मधुर, गर्मजोशी भरा और खुशनुमा अहसास बनाए रखना चाहती है, जो एक मजबूत देश का नेतृत्व मजबूत नेता के हाथ होने पर तारी रहता है। परंतु कठिनाई यह है कि इतिहास इस तरह के अहसासों का बंधक नहीं हो सकता। जो होता है, ठीक वही पेश करता है।

**वास्तविक** जीवन जैसी दिखने वाली वेब सीरीज के साथ समस्या यह है कि वह अपने साथ बहुत सी पुरानी यादें लेकर आती है। 'आईसी 814 : कंधार हाईजैक' नामक इस सीरीज के साथ मुश्किल यह हो रही है कि यह भारत को कमजोर दिखाती है : निशक्त, पस्त-अक्षम। नरेंद्र मोदी सरकार की मुश्किल यह है कि उन काले दिनों और रातों को दफनाना चाहती है – जो 1999 में क्रिसमस से पहली शाम और नए साल की पूर्व संध्या के बीच मुसीबत बनकर टूटे थे, जब अटल बिहारी वाजपेयी सरकार को 300 से अधिक यात्रियों की जिंदगी के बदले में तीन आतंकवादियों को रिहा करना पड़ा था –इसकी जगह वह मधुर, गर्मजोशी भरा और खुशनुमा अहसास बनाए रखना चाहती है, जो एक मजबूत देश का नेतृत्व मजबूत नेता के हाथ होने पर तारी रहता है। परंतु कठिनाई यह है कि इतिहास इस तरह के अहसासों का बंधक नहीं हो सकता। जो होता है, ठीक वही पेश करता है। उस वक्त की कुछ झलकियां पेश हैं : अपहृत विमान में फंसे यात्रियों के परिवारों की मुश्किलें वाजपेयी सरकार की कमजोरी बन गई, जिनके सिर पर सरकार और अपहर्ताओं के बीच सौदा सिरे न चढ़ने पर हर किस्म के नुकसान का खतरा था। ब्रिटेन में पढ़ा और वहां के लहज़े में अंग्रेजी बोलने वाला उमर शेख – जो कि भारत सरकार द्वारा रिहा किए गए तीन आतंकवादियों में से एक था–उससे जब कंधार में भारतीय खुफिया अधिकारी आनंद अर्नी ने पूछा कि आज़ाद होने का क्या अर्थ है, तो उसने जवाब में ढेरों अपशब्द बके। पाकिस्तान की आईएसआई, जिसका पूरी तरह नियंत्रण था, उसने समझौता वार्ता के दौरान भी बुनियादी शर्तों को बदलवाया – 29 दिसंबर की शाम तक, सहमति केवल एक मसूद अज़हर को रिहा करने तक सीमित थी, लेकिन 30 दिसंबर की सुबह होते-होते अपहर्ता तीन आतंकवादियों को रिहा करने की मांग पर अड़ गए। यह वही था, जो होकर रहा। कभी-कभी समस्या यह होती है कि लोग अतीत को वर्तमान के संदर्भ में देखने लगते हैं। उन्हें इस तथ्य से शर्मिंदगी महसूस होती है कि तत्कालीन विदेश मंत्री जसवंत सिंह भी उसी विमान से कंधार गए थे, जिसमें कुछ पीछे की सीटों पर रिहा किए जाने वाले तीनों आतंकवादी सवार थे, जो उन्हें सुनाने को जोर-जोर से अपशब्द बकते रहे। बहुत से लोगों का कहना है कि मंत्री को नहीं जाना चाहिए था, कई ने सवाल किया कि उन्होंने अपने पद की गरिमा क्यों गिराई? लेकिन 'द ट्रिब्यून' के अभिलेखागार में, उस वक्त में झांकने पर पता चलता है कि 1999 में भारत की स्थिति क्या थी। परमाणु परीक्षण हुए कोई एक साल गुजरा था और भारत अभी भी अंतर्राष्ट्रीय तौर पर अभिशप्त-सा था और आगामी गर्मी में अमेरिकी राष्ट्रपति क्लिंटन का दौरा होना तय था। पाकिस्तान के साथ कारगिल युद्ध खत्म हुए बमुश्किल चंद महीने बीते थे। उस सप्ताह, जब अपहृत हुए विमान ने काठमांडू से अमृतसर होते हुए कंधार के लिए उड़ान भरी, जसवंत सिंह ने मदद के लिए अमेरिका, ब्रिटेन और अन्य जगहों पर अपने कई समकक्षों को संपर्क करने की कोशिश की- लेकिन किसी ने उनका फोन नहीं उठाया। यह सप्ताह नए साल की खुशियां मनाने का था। आप जब जश्न मनाने में व्यस्त हों, ऐसे में तीसरी दुनिया के देश का कोई परेशान आदमी आपको उस समय फोन करे, तो आप केवल यही सोच सकते हैं कि अपनी समस्याओं से वह खुद क्यों नहीं निबट लेता? यही चीज़ है जिससे असली कमजोरी झलकती है। भले ही आप मदद पाने के लिए कितने भी अधीर हों, लेकिन कोई आपका फोन नहीं उठाना चाहता। 'रॉ' के तत्कालीन प्रमुख एएस दुलत के अनुसार, जसवंत सिंह उस सप्ताह दिल्ली में 'अकेले पड़े एक आदमी' थे। उनको लगा कि यदि कोई वरिष्ठ व्यक्ति व्यक्तिगत रूप से लेन-देन प्रक्रिया की देखरेख करने साथ नहीं गया, तो कहीं अंतिम समय में ऐसा कुछ न हो जिससे यात्रियों की जान खतरे में पड़ जाए। सच तो यह है कि भारतीय वार्ताकार कंधार में कमजोर पड़े प्रतीत हुए क्योंकि उनके पास अपनी बात मनवाने की गुंजाइश बहुत कम या न के बराबर थी। विमान दुश्मन के इलाके में था। कठपुतलियों की डोर आईएसआई के हाथ में थी और सभी पत्ते भी उसके हाथ में थे। नेटफ्लिक्स सीरीज़ उन सभी भारतीय दर्शकों को यह असहज सच्चाई स्वीकारने को मजबूर करती है कि हकीकत में हम वह राज्य नहीं हैं जोकि हम मानते रहे कि हम हैं। हम कमजोर थे, और शायद, अब भी हैं। वेब सीरीज़ ने हम सभी की इस रग को छूआ है कि जब रोशनी बुझ जाती है और हमारे समक्ष केवल हम ही होते हैं, तो क्या सच है और क्या नहीं, यह हमें पता होता है। हम जानते हैं कि हम उतने तगड़े नहीं हैं जितना खुद को मानते हैं। कुछ लोग कह सकते हैं कि 25 साल का समय बहुत लंबा होता है और भारत काफी आगे निकल चुका है- वे पाकिस्तान के साथ वार्ता के संबंध में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपनाए गए सख्त रुख को गिनाते हैं। कुछ अन्य लोगों का इशारा 2016 में अभूतपूर्व सर्जिकल स्ट्राइक की तरफ होगा, जब भारतीय सशस्त्र बलों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पार की और पाकिस्तानी सेना द्वारा समर्थित आतंकवादियों के खिलाफ सफलतापूर्वक अभियान चलाये। फिर भी, हम जानते हैं कि कमज़ोरी बनी हुई है।

आप का नजरीया

# कांगड़ा का चमन

**जब** भी प्रदेश की सियासत का मुआयना होता है, कांगड़ा के मुद्दों पर सवार होना होता है। इस बार मौका भाजपा के हाथ आया तो नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विधानसभा के सदन को तपा दिया। 'खामोशियां फिर तूफानों सी गूंज गईं, इस हवा को हमारे आंगन से कुछ कहना था।' जयराम बोल रहे थे तो कांगड़ा की चुप्पियों का पदचाप सदन के सन्नाटे तोड़ रहा था, लेकिन सियासत के खंभों पर कांगड़ा के ही नेता फिसले है। पौध बदल जाती है, कभी शांता-कभी धूमल में बंट जाती है। हकीकत यह भी है कि सत्ता का तिलक जब भी शिमला में सरकार के माथे पर लगा, तो कांगड़ा कश्तियों पर सवार रहा, लेकिन बार-बार इसी के 'पत्तन टूटे' हैं। ऐसा नहीं है कि जो विपक्ष ने कहा, वही कांगड़ा का अवतार है, लेकिन सच यह भी है कि कांगड़ा को मिलते रहे 'राजधानियों के दर्जों' ने इसी से वफा की। यह दीगर है कि कांगड़ा के प्रणेता के रूप में वीरभद्र की सत्ता के हर दशक ने इस क्षेत्र के मतदान का कर्ज उतारा है और अंतिम पैगाम आने तक शीतकालीन राजधानी का मील पत्थर धर्मशाला में सरकार को चुंबक बन कर खींचता रहा या तपोवन में शीतकालीन सत्र में तपते प्रश्न सुकून देते रहे। आश्चर्य यह कि धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय की अस्थायी छत बनी, लेकिन जदरांगल परिसर पर कोई सरकार ईमानदार नहीं रही। धूमल की दौलत में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की गिरफ्त में आकर, केंद्रीय विश्वद्यिालय राजनीति करने लगा। सांसद व मंत्री रहे अनुराग ठाकुर की विरासत में जब केंद्रीय विश्वविद्यालयय पलने लगा, तो जदरांगल परिसर की परीक्षाएं अब सुक्खू सरकार में अलग-अलग 'कांगड़ों' में दिखाई देने लगीं। मामला देहरा में उठती इमारतों में दब जाएगा या उपचुनाव की देहरी पर मुख्यमंत्री के वादे से जदरांगल परिसर बच जाएगा। बेशक कांगड़ा पर्यटन की राजधानी बनने का हुनर जानता है, लेकिन एडीवी की योजनाओं में किसका जहर भरता है। प्रदेश का पहला ट्यूलिप गार्डन धर्मशाला की सियासी आबोहवा में उजड़ गया, तो वहां खर्च हुए सात करोड़ पर कौन रहम खाएगा। बीड़-बिलिंग में राष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग स्कूल की बनी बनाई इमारत में कब कोर्स चलाया जाएगा। कभी धूमल ने धर्मशाला को खेल राजधानी कहा, लेकिन बजट के बावजूद साई के राष्ट्रीय खेल छात्रावास की योजना उजड़ गई। अब हाई अल्टीट्यूट खेल संस्थान के नाम 27 एकड़ जमीन किससे फरियाद करे। चैतड़ का आई टी पार्क कहीं तो राजनीतिक गुनाहों का देवता बना। देश में प्रवासी पक्षी जिस पौंग झील को 'रामसर' का दर्जा दिला देते हैं, वहां विस्थापितों की चिंता की लकीरें पानी में लहर बन जाती हैं आज भी। बांटा तो कांगड़ा एयरपोर्ट भी बार-बार गया। शकुनि विरोध की तमस में वर्षों से जल रही परियोजना को छाती से लगा कर निश्चित रूप से सुखविंदर सुक्खू ने अपने सीने का फैलाव बताया है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


**संक्षिप्त खबरें**

## राजद युवा नेता बिनोद भोक्ता आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का किया विधिवत शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापुर :** राष्ट्रीय जनता दल युवा नेता बिनोद भोक्ता जी आज प्रतापपुर प्रखंड के बभने पंचायत में आयोजित आपकी योजना- आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का विधिवत दीप प्रज्वलित व फीता काटकर कर शुभारंभ किया। इसके उपरांत भोक्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया और ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को लाभ लेने की अपील की। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, पंचायत के मुखिया, समाजसेवी सन्मुख यादव एवं अन्य लोग मौजूद थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में संचालित योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक हुई संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में 12 सितंबर 2024 दिन गुरुवार को लघु सिंचाई प्रमंडल लातेहार अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने लघु सिंचाई प्रमंडल के द्वारा अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया गया जनोपयोगी योजनाओं के क्रियान्वयन में तत्परता बरतें, योजना समय पर पूर्ण हो तथा गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न हो यह सुनिश्चित कराएं। बैठक में कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल किशन मिंज, लघु सिंचाई प्रमंडल कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

## झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की टीम ने पांच विद्यालयों का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत संचालित बलबल में बृहस्पतिवार को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी अरुणा लता केरकेटा पहुंचे। जहां बीआरसी का निरीक्षण कर संतुष्ट दिखे। जबकि उत्क्रमित उच्च विद्यालय द्वारी के निरीक्षण के क्रम में विद्यालय प्रधानाध्यापक अजय कुमार सिन्हा के लापरवाही से नाराजगी व्यक्त किया। साथ ही कहा कि इसकी जांच रिपोर्ट राज्य को सौंप देंगे। टीम प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय गिद्धौर पहुंचे। जहां उपस्थिति पंजी, वर्ग कक्ष, शौचालय, प्रयोगशाला समेत अन्य की जांच किया।मध्य विद्यालय गिद्धौर में रिसोर्स सेंटर व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गिद्धौर का मीनू चाट, पंजी समेत की जांच कर विद्यालय छात्राओं से जानकारी जुटाई। मौके पर परियोजना पदाधिकारी आदिल नजम, अनुश्रवण सदस्य विजय ठाकुर, अमर कुमार वर्मा, सीआरपी प्रेमचंद साव, राजकुमार राजू समेत शिक्षक मौजूद थे।

## आवारा पशुओं से चौक दुकानदार परेशान, पुलिस प्रशासन से कारवाई की गुहार



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड मुख्यालय के सिमरिया चौक पर इन दिनों आवारा पशुओं का जुगलबंदी कायम है। इस जुगल बंदी से आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यदि उक्त आवारा पशुओं को किसी तरह का सड़क दुर्घटना में घायल हो जाता है तो मुआवजा लेने के लिए लोग दावेदारी करने सड़क पर आ जाते हैं। हालांकि आए दिन आवारा पशुओं का रात्रि को सड़क पर बैठे रहने से कोल वाहनों के चपेट में आने से मौत हो रही है। इस तरह आए दिन आवारा पशुओं से लोग तंग और परेशान हैं ।चुकी आवारा पशु सारा दिन चौक के इधर उधर या मुख्य सड़क पर विचरण करते हैं और रात्रि को होटलों के बरामदे बैठ बिट कर देने से आए दिन दुकानदार परेशान व हैरान हैं। जिसे लेकर चौक दुकानदारों ने पुलिस प्रशासन से उक्त मवेशी मालिकों पर कारवाई करने की मांग किया हैं। जिससे चौक दुकानदार परेशानी से बच सके। आपको बता दें उक्त आवारा गायों को छूटा चौक पर छोड़ देते हैं ।जब वह दूध देने लगती है तो वे अपने घर पर उक्त गायों को रखते हैं और उक्त गायों से दूध प्राप्त कर धन्य हो जाते है।

## बांस हस्त शिल्पकारों को कुशल यूनियन योजना के अंतर्गत 25 दिवसीय प्रशिक्षण का किया गया शुभारंभ



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के ग्राम पदुमपुर टोला बरवाडीह में गुरवार को मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड चतरा के बैनर तले एजेंसी छोटानागपुर क्राफ्ट डेवलपमेंट सोसाइटी रांची के उपस्थिति में कुशल यूनियन योजना के अंतर्गत 25 दिवसीय बांस हस्त शिल्पकारों के बीच शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण शुभारंभ उद्योग विभाग जिला उदमी समन्वयक चतरा हेमंत केशरी, प्रखंड समन्वयक टंडवा, सिमरिया के सत्येंद्र कुमार यादव, योगेश्वर मछुआ के अलावे छोटानागपूर क्राफ्ट डेवलपमेंट सोसाइटी रांची के प्रशिक्षण प्रभारी अब्दुल बसीर अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर शुभारंभ किया। प्रशिक्षण में चयनित सभी हस्त शिल्पकारों को 25 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला उद्यम समन्वयक हेमंत केशरी चतरा ने बताया की बांस कला प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्म निर्भर बना कर रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। अन्य वक्ताओं ने बताया की चयनित लोगों को आधुनिक डिजाइन बांस की सामग्री बनाने का कला की प्रशिक्षण दिया जाएगा। मौके पर प्रशिक्षण कर्मी और ग्रामीण मौजूद थे।

# 24 सितंबर को निर्धारित मुख्यमंत्री के इटखोरी आगमन को लेकर उपायुक्त ने किया स्थल निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** मुख्यमंत्री झारखंड सरकार हेमंत सोरेन के निर्देशानुसार जिले के सभी पंचायतों में लाभुकों को लाभान्वित करने हेतु आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन रोस्टर अनुसार किया जा रहा है।इसी कार्यक्रम के तहत इटखोरी भद्रकाली मैदान में 24 सितंबर 2024 को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्यमंत्री झारखंड सरकार हेमंत सोरेन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होंगे और लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण योजनाओं का स्वीकृति पत्र समेत करोड़ो के विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश से आज जिले के उपायुक्त रमेश घोलप इटखोरी कार्यक्रम स्थल पहुंचे उन्होंने हेलीपैड स्थल, लोगों के आवागमन, समेत अन्य आवश्यक तैयारियों को लेकर अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा सभी अधिकारी आपस में समन्वय बनाते हुए कार्य करें। मौका पर उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, डीएसपी मुख्यालय रोहित कुमार रजवार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा संदीप सुमन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार, जिला खेल कूद पदाधिकारी तुषार रॉय, सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर शशिकांत कुमार श्रीवास्तव समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# प्रखंड़ कार्यालय मुख्य गेट पर प्रमुख व ग्रामीणो ने दिया धरना




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड कार्यालय मुख्य गेट पर प्रमुख अनिता यादव व ग्रामीणो ने एक दिवसीय धरना दिया। इस दौरान प्रमुख अनिता यादव ने बताई की पीएम आवास का आवंटन प्रखंड में 83 का लक्ष्य दिया गया है।जिसमे द्वारी पंचायत में 8 व मंझगांवां पंचायत में 5 लक्ष्य दिया गया है। प्रमुख व ग्रामीणो ने कहा कि सभी पंचायत में बराबर लक्ष्य निर्धारित नही किया गया है। बीडीओ राहुल देव ने लक्ष्य निर्धारित किया है। जिसे लेकर धरना दिया। वहीं प्रमुख ने बताया कि पंचायत समिति सदस्य का 15 वें वित्त योजना से संचालित योजनाओं का अब तक भुगतान नही किया गया है। इस दौरान धरना पर बैठे ग्रामीणो ने प्रखंड़ कर्मी हाय हाय, प्रखंड़ कर्मी होश में आयो, तेरी मनमानी नही चलेगी समेत कई नारे लगा रहे थे। प्रमुख ने बताई की बीडीओ के मनमानी को लेकर एक दिवसीय धरना दिया गया।जबकि मौके पर उपस्थित प्रभारी पंचायत सचिव चितरंजन शर्मा ने बताया कि जिला से सभी पंचायत का लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है।धरना में मझगांवा पंचायत मुखिया सरिता देवी, द्वारी मुखिया जगदीश यादव समेत ग्रामीण मौजूद थे।

## झारखण्ड राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर काला बिल्ला लगा किया कार्य



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य के तमाम झारखंड राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों ने दो दिवसीय काला बिल्ला लगा कर अपनी मांगों को लेकर झारखंड सरकार का विरोध किया है। काला बिल्ला लगा कर सिमरिया अंचलाधिकारी गौरव कुमार राय ने कहा है की 6 सितम्बर को मंत्रिमंडल में घोषणा किया गया था की गैर राज्य असैनिक सेवा 25 वर्ष में आईएस में पदार्पण के लिए छांद कर दिया गया है। राज्य असैनिक सेवा राज्य के सबसे प्रीमियम सेवा है। उसके पुनर्गठन की बात कर रहें हैं। इस मांग को लेकर केंद्रीय संघ के द्वारा दो वर्ष पूर्व मांग को रखा गया था। जिस पर सरकार द्वारा किसी तरह का मांग पर विचार नहीं किया गया है और हम लोगों के कार्य को धराशाही किया गया है। हमलोगो ने कोरोना जैसे महामारी में भी जान जोखिम में डाल कर अपना कर्तव्य निष्ठा पूर्वक निर्वहन किया है। जिसे लेकर राज्य के तमाम झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी दो गुरुवार से लेकर शुक्रवार तक काला बिल्ला लगा कर अपने कार्यो का निर्वहन कर रहें है। यदि इतने में भी झारखंड सरकार हम लोगों के मांगो पर विचार नहीं करती है तो अंत में पूरे राज्य के जेपीएससी के अधिकारी 14 सितम्बर से क्रमवद आंदोलन किया जाएगा।

## बालूमाथ पंचायत भवन में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का बीडीओ ने किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी विद्यालय परिसर में गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसका विधिवत उद्घाटन सोमा उराँव दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर संबोधित करते हुए लातेहार विधायक बीडीओ सोमा उरांव ने कहा की सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ देना है। उन्होंने लोगों से शिविर में भाग लेकर अधिक से अधिक लाभ उठाने का अपील किया। आयोजित शिविर में कई सरकारी योजनाओं का स्टॉल लगाया गया था। जिसमे अबुआ आवास 491 आवेदन प्राप्त हुआ, वहीं किसान क्रेडिट कार्ड कर मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना 20 बिजली बिल संबंधित शिकायत तीन, हरा राशन कार्ड तीन, स्वास्थ्य सुरक्षा योजना 40 गुरुजी क्रेडिट कार्ड तीन, आधार कार्ड संशोधन 10, आवासीय प्रमाण पत्र 14 आय प्रमाण पत्र 13 झारखंड मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना 86, वृद्धा पेंशन 66 विकलांग पेंशन दो, विधवा पेंशन एक आवेदन प्राप्त हुआ। मौके पर धोती साड़ी लूंगी वितरण 70 लोगों को किया गया। प्राप्त आवेदन में से कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। बाकी का जांचोंउपरांत निष्पादन किया जाएगा।

## विधानसभा चुनाव को लेकर डीएसपी ने किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** राज्य के डीजीपी एवं पलामू जोन के डीआईजी के निर्देश पर बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बालूमाथ बरियातू एवं हेरहंज थाना के प्रभारी, एसआई, ए0एसआई, हवलदार एवं अन्य पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया। इस दौरान उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चुनावी प्रक्रिया, निर्वाचन संबंधी अपराधों, पोल डे ड्यूटी, आईडी से बचाव, चुनाव में पुलिस की भूमिका लेकर प्रशिक्षण दिया। मौके पर जानकारी देते हुए बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान केंद्र में तैनात पुलिस पदाधिकारी को हर हाल में विधि व्यवस्था पर पैनी नजर रखनी है। और मतदाताओं को कतारबद्ध होकर मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। मौके पर बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत कुमार उपाध्याय, बरियातू थाना प्रभारी राजा दिलावर हेरहंज थाना प्रभारी विक्रम कुमार, सब-इंस्पेक्टर अमित कुमार, मिथिलेश कुमार, रितेश तिग्गा समेत पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

# रायशुमारी खत्म होते ही भाजपा का चला जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** अगामी विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों के लिए रायशुमारी खत्म होते ही बरवाडीह भाजपा मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान का आगाज हो चुका है। गुरुवार को बरवाडीह के बूथ संख्या एक और दो से जनसंपर्क अभियान शुरू किया गया है। जहां भारी संख्या में ग्रामीणों खासकर महिलाओं की उपस्थिति रही। मौके पर सिंह ने कहा कि इस बार झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान बूथों को मजबूत कर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गठबंधन की हेमंत सरकार झारखंड को लूट कर खोखला कर दिया है, हेमंत सरकार के हर विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है जिसके कारण लोगो का हेमंत और गठबंधन सरकार से मोहभंग हो गया है और साथ छोड़कर भाजपा का दामन थाम रहे है। वहीं मौके पर उपप्रमुख वीरेंद्र जयसवाल, पूर्व सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद समेत कई लोग मौजूद रहे।

## भाजपा का विधानसभा स्तरीय रायशुमारी में कार्यकर्ताओं की पहली पसंद हरिकृष्ण सिंह



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी विधानसभा चुनाव में जिताऊ प्रत्याशी में शुमार करने को लेकर बुधवार को मनिका में विधानसभा स्तरीय भाजपा के जिला पदाधिकारियों व मंडल कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश से आए प्रवेक्षक के बीच अपने मताधिकार के माध्यम से अपने पसंदीदा प्रत्याशी को अपना शांतिपूर्ण तरीके से मत देकर रायशुमारी किया।इ स दौरान अपने भाग्य की आजमाइश के लिए पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, अवधेश सिंह चेरो, इश्वरी सिंह,कन्हाई सिंह, सुभाष सिंह, मंजू सिंह, रामदेव सिंह, शीला देवी, बलवंत सिंह, सीतामणी तिर्की समेत लगभग दस से बारह प्रत्याशियों के नाम मुख्य रूप से शामिल कराए गए। सुत्र बताते हैं कि उक्त सभी प्रत्याशियों पर हरिकृष्ण सिंह का पलड़ा भारी पड़ा है। बताया जा रहा है कि हरिकृष्ण का मनिका विधानसभा क्षेत्र से टिकट की दावेदारी पक्की मानी जा रही है, ऐसे में माना जा रहा है कि कार्यकर्ताओं की पहली पसंद हरिकृष्ण सिंह हैं। वहीं इस मामले में मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह ने कहा कि आलाकमान के द्वारा किसी भी प्रत्याशी को मैदान में खड़ा किया जाता है तो वह संगठन के लिए सर्वोपरि है और अगामी विधानसभा का चुनाव हमारा संगठन व कार्यकर्ता मजबूती के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जीत हासिल करेगी।

**विद्यालय प्रबंधन समिति का चुनाव संपन्न**

# अध्यक्ष गौतम, उपाध्यक्ष कमलेश, संयोजिका मीणा देवी का किया गया चयन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** गुरुवार को हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय आहियापुर (ढेबो) के प्रांगण में विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों के चुनाव किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक शंभू यादव और प्रवेक्षक सुनील कुमार के अध्यक्षता में सदस्यीय समिति का चुनाव संपन्न हुवा। अध्यक्ष पद के लिए गौतम यादव को निर्विरोध चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष कमलेश यादव, संयोजिका मीणा देवी, और 12 सदस्यों को सर्वसम्मति से चुना गया। मौके पर उपस्थित प्रवेक्षक सुनील कुमार, प्रधानाध्यापक शंभू यादव, सहायक शिक्षक तेजू यादव, वार्ड सदस्य अनिल यादव, विनीता देवी, मालो देवी, पिंकी देवी, तिलेश्वरी देवी, कविता देवी, रूबी देवी, बीपत यादव, घनश्याम यादव, बलदेव यादव, लालजी यादव, समेत सैकड़ो ग्रामीण और अभिभावक उपस्थित थे।

# हर्षोल्लास व धुमधाम के साथ मनाया गया करमा पर्व



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड मुख्यालय स्थित नचना सरना भवन परिसर में बुधवार को एकीकृत बारियातू, बालुमाथ व हेरहंज प्रखंड स्तरीय आयोजित, करमा पर्व पूर्व संध्या समारोह धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता सदर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रमोद उरांव ने किया।सफल संचालन जगदीश उरांव ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पड़हा राजा प्रभुदयाल उरांव और विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला धर्म अगुआ तेतर उरांव पूर्व प्रमुख महाबीर उरांव, मुखिया राजिव भगत, शांति देवी, सरिता देवी, डाढा पंसस जया देवी, हेरहंज के उप प्रमुख विजय उरांव, दिगम्बर व जयपाल उरांव की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम का शुभारंभ धर्म अगुआ तेतर उरांव ने आदिवासी पारंपरिक रीतिरिवाज और सखुआ पेड़ के पुजा कर किया।सभी उपस्थित अतिथियों को बैच व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित वक्ताओं ने करम पुजा के बारे मे महत्वपूर्ण जानकारीयां दी। इस अवसर पर समारोह की अध्यक्षता कर रहे पूर्व मुखिया उरांव ने कहा कि करमा परब हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। यह हमारी सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। इस कार्यक्रम में एकिकृत बालुमाथ प्रखंड के आदिवासी खोड़हा (कला संस्कृति नृत्य मंडली) सामिल हुए।संस्कृति मंडली नृत्य मंडली ने अपने मनमोहक प्रस्तुती देकर दर्शकों का मन मोह लिया। मौके पर भारी संख्या में आदिवासी समुदाय के महिला पुरुष, युवक युवतियां व बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर समारोह को सफल बनाया।

## महुआडांड़ में मिला केन बम छानबीन में जूटी पुलिस



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत रेंगाई गांव में गुरुवार को एक केन बम बरामद हुआ है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर बम निरोधक दस्ते के साथ मामले की छानबीन की हालांकि अभी पता नहीं चल पाया है कि यह बम ही है या कुछ और है। इधर पुलिस भी मामले में कुछ भी स्पष्ट रूप से बताने में असमर्थ है। दरअसल, पुलिस को सूचना मिली थी कि रेंगाई गांव निवासी जजीत खलखो के घर के पास एक केन बम पड़ा हुआ है। सूचना पाकर पुलिस की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और संदिग्ध स्थल की घेराबंदी कर दी। पुलिस टीम द्वारा इसकी सूचना वरीय अधिकारियों को भी दी गई बाद में बम निरोधक दस्ते को डॉग स्क्वॉड के साथ घटनास्थल पर बुलाया गया बम निरोधक दस्ता स्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन कर रही है।इस संबंध में लातेहार एसपी कुमार गौरव ने बताया कि मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन कर रही है। छानबीन पूरी होने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# दुधमटीया पर्यावरण जागरूकता मेला सह वृक्ष रक्षाबंधन कार्यक्रम के सफल आयोजन पर हुई चर्चा

## पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम महत्वपूर्ण, पूर्ण समर्पण के साथ कार्यक्रम में सफल बनाएं : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आगामी 7 अक्तूबर को आयोजित होनेवाले दुधमटिया पर्यावरण जागरूकता मेला-सह-वृक्ष रक्षा बंधन के सफ़ल आयोजन को लेकर उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त वेश्म में आयोजित इस बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने व इसकी रुपरेखा तय की गई। बैठक मे 06 अक्टुबर को देवांगना चौंक से दूधमटिया (टाटीझरिया) तक ÷पर्यावरण जागरूकता साईकिल यात्रा कार्यक्रम में रूट मार्ग पर विद्यालियों के विद्यार्थियों के द्वारा मानव श्रृंखला बनाए जाने पर चर्चा की गई एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। 7 अक्तूबर को दुधमटिया (टाटीझरिया) में आयोजित वृक्ष रक्षाबंधन -सह- पर्यावरण मेला में पर्यावरण चेतना भवन का पेंटिंग, टेंट, सामियाना, कुर्सी, साउण्ड, बैनर एवं झंडी, प्रदर्शनी, पुरस्कार पम्पलेट्स/ लिफलेट्स की प्रिंटिंग इत्यादि की व्यवस्था के निमित जिला में अवस्थित विभिन्न सरकारी / गैर सरकारी संस्थानों से आवश्यक सहयोग पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने नगर निगम, हजारीबाग एवं कार्यपालक अभियंता, पेयजल स्वच्छता प्रमंडल, हजारीबाग द्वारा वृक्ष रक्षाबंधन-सह-पर्यावरण मेला में पेजयल एवं अस्थायी शौचालय की व्यवस्था हेतु निर्देश दिया। आरक्षी



अधीक्षक, हजारीबाग एवं थाना प्रभारी, टाटीझरिया, दारू एवं विष्णुगढ को उक्त मेला में उपस्थित जनसमूहों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पर्यावरण संरक्षण के लिए शहर में संचालित नर्सिंग होम से उत्सर्जित कचरा के प्रबंधन के संबंध जल्द चर्चा की गई। मौके पर उपायुक्त ने सी0सी0एल0 एवं अन्य औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु किए गए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। बच्चों में पर्यावरण के प्रति सकारात्मक सोच का विकास हो इस बाबत विद्यालयों में ईको क्लब को क्रियाशील करने का निर्देश दिया। बेतहसा बढ़ रहे पॉलीथीन के प्रयोग पर अंकुश लगाने तथा इसके उपयोग पर नियंत्रण लगाने हेतु प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिया। जलाशय प्रदूषित न हो इस हेतु मूर्ति विसर्जन के लिए जलाशयों के चयन पर चर्चा की गई। कोयला, बालू, स्टोन डस्ट, बेकार निर्माण सामग्री वाहक वाहनों द्वारा दुलाई के क्रम में मानक निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए गए। बैठक में डीएफओ वाइल्ड लाइफ सुरज कुमार, डीएफओ इस्ट विकास कुमार उज्जवल, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डिप्टी कमांडेंट, बीएसएफ मेरु रणविजय सिंह, बीएसएफ मेरु, पर्यावरण प्रेमी सुरेंद्र प्रसाद सिंह, मुरारी सिंह व अन्य सदस्य मौजूद रहें।

# उपायुक्त ने सीएसआर मद से क्रियानवित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में सीएसआर समिति की बैठक गुरूवार को हुई। बैठक में उपायुक्त ने सीएसआर मद से क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित कम्पनियों को उनके द्वारा संचालित योजनाओं का प्रशासन को सूचना देकर कार्य करने व सूची उपलब्ध करवाने का निदेश दिया। बैठक में उपायुक्त ने सीसीएल अरगड़ा के पदाधिकारी से शौचालय निर्माण की प्रगति की जानकारी ली एवं ससमय उक्त योजना को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को गांव की महिलाओं को सिलाई मशीन उपलब्ध कराने व सोलर पैनल के माध्यम से पेयजल आपूर्ति पूर्ण होने की सूचना देने का निर्देश दिया। बैठक में अडानी इंटरप्राइजेज के पदाधिकारी ने उपायुक्त को बताया कि उनके द्वारा 150 बच्चों को सोलर सिस्टम, आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण और स्ट्रीट लाइट लगाई गई है। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी से संचालित सभी योजनाओं की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने प्रभा एनर्जी हजारीबाग को पतरा गांव में डीप बोरिंग करवाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया कि डीप बोरिंग वही हो जहां से ज्यादा लोग लाभांवित हो सके। बैठक में उपायुक्त ने कंपनी के पदाधिकारियों को सीएसआर मद से संचालित योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया ताकि लोकहित में नई योजनाओं को धरातल पर उतारा जा सके। बैठक में योजना पदाधिकारी श्री पंकज कुमार तिवारी व विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



# झारखंड पुलिस अकादमी में बिहार के निरीक्षकों के प्रशिक्षण का हुआ समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग स्थित झारखंड पुलिस अकादमी में बिहार राज्य के निरीक्षक और एवं निरीक्षक मद्य निषेध का तीन माह का बुनियादी प्रशिक्षण 12 सितंबर 2024 को समाप्त हो गया । यह प्रशिक्षण 10 जून 2024 को शुरू हुआ था। समापन समारोह में निदेशक शैलेंद्र कुमार सिंह वरीय उपनिदेशक अंजनी कुमार झा , उपायुक्त मद्य निषेध मगध प्रमंडल संजय कुमार, सहायक आयुक्त मद्य निषेध प्रिया रंजन और अन्य प्रमुख अधिकारी शामिल हुए । इस प्रशिक्षण में बिहार राज्य के 10 निरीक्षक ( तीन महिला और सात पुरुष) और 89 अवर निरीक्षक (47 महिला और 42 पुरुष) ने भाग लिया. निदेशक श्री सिन्हा ने प्रशिक्षकों को अपने कार्य क्षेत्र में प्रशिक्षण के अनुभवों को लागू करने की सलाह दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की.

# अखिल भारतीय भुईयाँ समाज कल्याण समिति द्वारा झकझोर-झूमर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** अखिल भारतीय भुईयाँ समाज कल्याण समिति द्वारा सांस्कृतिक धरोहर करमा पूजा के उपलक्ष्य पर सदर प्रखण्ड स्थित अमृतनगर उच्च विद्यालय के मैदान में दिन गुरूवार को झकझोर-झूमर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता व मुख्य अतिथि के रुप मे भाजपा नेता सह समाजसेवी हर्ष अजमेरा शामिल हुए तथा प्रतिभागियों का हौसला बढाया। यहां समिति द्वारा इनदोनों अतिथियों का फुलमाला एवं बुके भेंटकर सहृदय उनका स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस दौरान झकझोर-झूमर में प्रतिभागियों के संग करमा पर्व की रिकार्डेड संगीत एवं मांदर की थाप पर थिरक कर हौसला बढाया। एक से बढकर एक बालिका समूह के द्वारा समूहिक नृत्य प्रस्तुत कर जमकर धामाल मचाया गया एवं दर्शक दीर्घा में उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। संस्कृतिक समूहिक नृत्य से झारखंड की गौरवमयी संस्कृति एवं सभ्यता को जीवंत किया। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने संबोधन में कहा कि झकझोर झुमर कार्यक्रम से अपनी संस्कृति को बढावा देने का काफी अच्छा सकारात्मक



पहल है। इससे एक मंच पर वृहद पैमाने पर संस्कृतिक नृत्य का होना बहुत ही बड़ी बात है। वहीं हर्ष अजमेरा ने मौके पर कहा की करम त्यौहार हमारी सांस्कृतिक धरोहर है जो मनुष्य को प्रकृति के संग सामंजस्य बिठा कर चलने का संदेश देती है। इस अवसर पर अखिल भारतीय भुईयाँ समाज कल्याण समिति के केंद्रीय उपाध्यक्ष नुनुलाल भुईयां, जिलाध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, स्टेरिंग कमेटी के जिलाध्यक्ष रामचंद्र राम, जिला उपाध्यक्ष अशोक राम, भोला राम, जिला महासचिव रंजीत कुमार, जिला सचिव हीरा राम, जिला उपसचिव भिखु राम, जिला प्रवक्ता बुधन राम, जिला महामंत्री सियाचरण राम, जिला कोषाध्यक्ष प्रेम राम, महिला जिला अध्यक्ष रीना देवी, महिला जिला सचिव लक्ष्मी देवी, जिला युवा अध्यक्ष राजु राम, जिला युवा सचिव हिरामन राम एवं युवा उपाध्यक्ष कुलदीप राम सहित कई लोग शामिल रहे।

# सीसीएल के सौजन्य से वन अधिकार समिति चरही के सहयोग से पौधारोपण किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** गुरवार को सीसीएल के सौजन्य से वन अधिकार समिति चरही के सहयोग से पौधारोपण का किया गया। पौधारोपण की शुरुआत पल्लव चक्रवर्ती, अमला अधिकारी क्रमिक पर्यावरण अधिकारी फैज़ल अंसारी व वन समिति के अध्यक्ष सचिव समाजसेवी ने संयुक्त रूप से पौधारोपण कर किया । पौधारोपण का कार्यक्रम दुर्गा मंदिर प्रांगण व बिरसा ग्राउंड मे किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से वन अधिकार समिति के अध्यक्ष दिनेश्वर रविदास, सचिव लाल सिंह, उमेश सिंह, लालचंद महतो, अजित सिंह, भुनेश्वर ठाकुर, रहमत अंसारी, भोमपाल ठाकुर, सुरेश सिंह, मालती देवी, पंकज ठाकुर, राजेंद्र भुइया, सूरज सिंह, सुरेश सिंह, दिनेश भुइया, ममता देवी, राजू रविदास,वन अधिकार समिति चरही के सदस्य सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# धनवार पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन आज



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड के धनवार पंचायत में कल आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए स्थानीय मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि यह कार्यक्रम सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक सीधे पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने पंचायत वासियों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में शामिल होकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम लोगों को सरकारी सुविधाओं और सेवाओं के प्रति जागरूक करेगा, साथ ही उन तक योजनाओं को पहुंचाने में मददगार साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे, जो लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे और सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी प्रदान करेंगे।

# टाटीझरिया थाना प्रभारी ने वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** टाटीझरिया थाना क्षेत्र के अमन कुमार पिता सुरेंद्र साव को सीसी 397/2018 के तहत 1. भादवि 190/18 धारा 138 एनआईएक्ट तथा 2. सीसी कांड संख्या 3270/22 एवं 3. सीसी 3270/18 जेएमएफसी धनबाद का अभियुक्त है।जिसे प्रशासनिक नियमावली के अनुसार गिरफ्तार कर टाटीझरिया थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने न्यायिक हिरासत में लेकर हजारीबाग व्यवहार न्यायलय भेज दिया।

# स्वामी विवेकानंद के शिकागो भाषण स्मृति समारोह का हुआ आयोजन



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाउन हॉल हजारीबाग में स्वामी विवेकानंद के शिकागो भाषण स्मृति समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन में विभिन्न विद्वानों और कलाकारों ने स्वामी विवेकानंद के संदेशों और उनके ऐतिहासिक शिकागो भाषण पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विद्वान सजल मुखर्जी, प्रदीप कुमार सिंह और राजकुमार चौबे उपस्थित थे। इन तीनों वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के जीवन, उनके विचारों और उनके द्वारा 1893 में शिकागो में दिए गए ऐतिहासिक भाषण के महत्व पर प्रकाश डाला। स्वामी विवेकानन्द की स्तुति गान और जागरण गीत की सुंदर प्रस्तुति राजपाल नारायण और प्रतिभा नंद सिंह द्वारा दी गई। उनकी प्रस्तुति ने सभा में मौजूद सभी लोगों को भावुक कर दिया और स्वामी विवेकानंद के प्रति श्रद्धा भाव को और गहरा कर दिया। इस कार्यक्रम में हजारीबाग में निर्मित फिल्म ÷जगतगुरू श्री रामकृष्ण÷ का प्रदर्शन भी किया गया। इस फिल्म ने स्वामी विवेकानंद के गुरु श्री रामकृष्ण परमहंस के जीवन और उनके आदर्शों को बखूबी चित्रित किया, जिससे दर्शकों को उनके जीवन और शिक्षाओं के बारे में गहरी समझ मिली। राजकुमार चौबे ने स्वामी विवेकानंद के शिकागो भाषण के विभिन्न मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अपने भाषण में अमेरिका के लोगों का दिल जीत लिया। उनके भाषण में प्रेम और आत्मीयता, सहिष्णुता और स्वीकार्यता की बात की गई, जो हिंदू धर्म की विशेषताएँ हैं। उन्होंने कहा, हिंदू धर्म सभी धर्मों की माता के समान है। प्रदीप कुमार सिंह ने स्वामी विवेकानंद की आज के समय में प्रासंगिकता पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद के विचार और संदेश आज भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने तब थे। उनके विचारों को अपनाकर हम समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। सजल मुखर्जी ने स्वामी विवेकानंद के संदेशों पर विस्तार से भावपूर्ण चर्चा की।

# रामनवमी में झंडा चौक पर 200 फीट ऊँचा भगवा ध्वज होगा स्थापित : डॉ. अमित सिन्हा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग़ :** रामनवमी के अवसर पर हज़ारीबाग़ की सांस्कृतिक धरोहर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर लाने के उद्देश्य से शहर के झंडा चौक मे 200 फीट ऊँचे ध्वज और 50 फीट लंबे प्रभु श्रीराम के ध्वज-पताका की स्थापना की घोषणा भाजपा नेता डॉ अमित सिन्हा ने किया । उन्होंने कहा की यह पहल न केवल धार्मिक आस्था को समर्पित है, बल्कि हज़ारीबाग़ की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को नए आयाम देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। डॉ. सिन्हा ने घोषणा करते हुए कहा, यह ध्वज सिर्फ एक प्रतीक नहीं होगा, बल्कि यह हमारी आस्था, श्रद्धा, और संस्कृति का प्रतीक बनेगा। इस पहल के माध्यम से हम हज़ारीबाग़ की पहचान को न केवल देशभर में, बल्कि विश्वस्तर पर एक नई ऊँचाई तक पहुँचाना चाहते हैं। प्रभु श्रीराम के आदर्श और उनकी शिक्षाएं हमारे जीवन का आधार हैं और इस ध्वज के माध्यम से हम उन आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाना चाहते हैं। झंडा चौक पर स्थापित होने वाला यह ध्वज,



हज़ारीबाग़ का सबसे ऊँचा ध्वज होगा, जिसकी ऊँचाई 200 फीट होगी। इस ध्वज पर प्रभु श्रीराम का 50 फीट लंबा ध्वज-पताका लहराएगा। यह परियोजना न केवल शहर के सौंदर्य को बढ़ाएगी, बल्कि लोगों के बीच एकता और भक्ति की भावना को भी सुदृढ़ करेगी। इस पहल का एक प्रमुख उद्देश्य हज़ारीबाग़ की प्रतिष्ठा को देश के विभिन्न हिस्सों में पहुँचाना है। इस ध्वज की स्थापना से हज़ारीबाग़ को एक नया गौरव प्राप्त होगा और यह शहर का एक महत्वपूर्ण धरोहर स्थल बन जाएगा। हज़ारीबाग़, जो पहले से ही अपनी प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर के लिए प्रसिद्ध है, अब इस ध्वज के माध्यम से धार्मिक आस्था का एक प्रमुख केंद्र बन सकता हैं डॉ. अमित यह भी कहते हैं, हमारा उद्देश्य सिर्फ एक ऊँचा ध्वज स्थापित करना नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से हम हज़ारीबाग़ की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर को संजोने और इसे एक नई पहचान दिलाने की दिशा में काम कर रहे हैं। यह पहल हज़ारीबाग़ की गौरवशाली परंपराओं और संस्कृति को देशभर में प्रस्तुत करने का एक अवसर है। उन्होंने यह भी बताया कि इस परियोजना को पूरा करने के लिए संवैधानिक प्रावधानों का पालन किया जाएगा और इसे सरकारी सहयोग तथा जनभागीदारी के माध्यम से अंजाम दिया जाएगा। डॉ. सिन्हा ने सभी नागरिकों से इस महान कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि ÷हज़ारीबाग़ के हर नागरिक का समर्थन और सहयोग इस पहल की सफलता के लिए आवश्यक है। इस पहल का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसे जनसहयोग से पूरा किया जाएगा। डॉ. सिन्हा ने हज़ारीबाग़ के हर नागरिक से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहल में सक्रिय रूप से भाग लें।

# फाराचांच में गिरा शमशान शेड, बाल-बाल बचे ग्रामीण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत सारूकुदर पंचायत के फाराचांच गांव में 40 साल पहले बना पुराना श्मशान शेड भरभरा कर गिर गया ।जानवर चराने वाले ग्रामीण चरवाहे धूप-बारिश बचने के लिए इसका उपयोग करते थे,गनीमत इतनी रही कि शमशान शेड में उपस्थित चरवाहे शेड गिरने की आशंका से समय रहते वहाँ से निकल गए वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था।इस घटना की जानकारी देते हुए झारखण्ड संघर्ष मोर्चा केन्द्रीय वरिष्ठ नेता नीलकंठ तुरी उर्फ नीलू बाबू ने बताया कि फाराचांच गांव में बहुत पहले एक श्मशान शेड बना था ,जो अचानक गिर गया, यहां जानवर चराने वाले चरवाहे धूप से बचने के लिए बैठे थे। संदेह होने पर सब भागने लगे और श्मशान शेड भरभरा कर गिर गया। कुछ दिन पहले हमारे मोर्चा के केन्द्रीय संयोजक दशरथ राय ने मिडिया के माध्यम से जनप्रतिनिधियों और अफसरों को चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर श्मशान शेड का निर्माण अविलंब नहीं करवाया गया तो यहां कि जनता सबक सिखाने का काम करेगी, इसे मिडिया बन्धुओं ने प्राथमिकता से अपने अपने अखबार में प्रकाशित भी किया था। नीलू बाबू ने मिडिया बन्धुओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि अगर जनप्रतिनिधि और अफसर मिलकर फाराचांच श्मशान रोड़ और श्मशान शेड का निर्माण नहीं करते हैं तो गांव कि सारी जनता प्रखंड मुख्यालय बिष्णुगढ़ में आमरण अनशन पर बैठेंगी।

# सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** बुधवार को विष्णुगढ थाना अंतर्गत गरहमुर्गी विष्णुगढ़-गोमियाँ मार्ग पर सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया।जिसको विष्णुगढ़ थाना पुलिस द्वारा जख्मी हालत में इलाज हेतु विष्णुगढ़ सीएचसी लाया गया था,इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की मृत्यु हो गई। उक्त व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है।विष्णुगढ थाना पुलिस द्वारा मृतक पहचान के लिए उसकी फोटो सोशल मीडिया पर फैलाई गई,परन्तु अभी तक मृतक की पहचान नही हो पाई है। विष्णुगढ थाना प्रभारी सागेन मुर्मू ने लोगो से अपील की मृतक के संबंध में अगर कोई जानकारी हो तो तत्काल विष्णुगढ़ थाना को खबर करें।

# कर्णपुरा महाविद्यालय में करमा महोत्सव मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव के सेमिनार हॉल में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा करमा महोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो उपस्थित हुए। इन्होंने कहा कि संस्कृति और पहचान को जिंदा रखने के लिए ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव के सचिव टूकेश्वर प्रसाद भी उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सरहुल के बाद करमा पूजा झारखण्ड का दूसरा सबसे बड़ा प्रकृति पर्व है। यह भाद्रमास के एकादशी तिथि को मनाया जाता है। इस करमा महोत्सव की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर कीर्तिनाथ महतो किए, इन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह पर्व झारखंड - बिहार के अलावा उड़ीसा, बंगाल, छत्तीसगढ़



और असम में आदिवासी समुदाय द्वारा धूमधाम से मनाया जाता है। इस पर्व में बहने अपने भाइयों की सुख समृद्धि की कामना करती है और दीर्घायु के लिए पूजा करती है। प्रोफेसर अनु कुमारी ने कहा कि करमा पूजा के दिन से लोग नई शुरुआत के रूप में देखते हैं और प्रत्येक शुभ काम की शुरुआत इसी त्योहार से करते हैं । डॉ. बालेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि करमा नृत्य को नई फसल आने की खुशी में नाच गाकर मनाया जाता है। करम पर्व आदिवासी एवं हिंदू किसान समूहों द्वारा मनाया जाता है। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर सुरेश महतो ने किया। उन्होंने कहा कि करमा कर्म शब्द के संस्कृत का शब्द है जिसका अर्थ है कार्य, इसलिए कर्म की अवधारणा वेदों से उत्पन्न हुई अर्थात भगवान ही समस्त कर्मो का कर्ता हो जाता है। सधन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर ऋतुराज ने किया साथ ही समापन की घोषणा भी किया। मौके पर महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षककेत्तर कर्मचारी तथा सैकड़ो की संख्या में छात्र - छात्राएं एवं स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# श्री श्री सार्वजनिक दुर्गापूजा समिति, रमुआ के अध्यक्ष बने दीपू, अजय कुमार सचिव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ रमुआ श्री श्री दुर्गा मंदिर प्राँगण में भव्य दुर्गा पूजनोत्सव को लेकर श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति,रमुआ की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता मिश्रीलाल आजाद ने की तथा संचालन गुरु प्रसाद साव ने किया। बैठक में पिछले वर्ष का आय-व्यय का लेखा जोखा फिर से प्रस्तुत किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से पुनः श्री श्री दुर्गा पूजा समिति का फिर से चयन किया जिसमें रविन्द्र कुमार बरनवाल( दीपू भाई) को अध्यक्ष, बिनोद कुमार सिंह (इटवाटांड़) को उपाध्यक्ष,अजय कुमार को सचिव,मुकेश कुमार प्रजापति को सह-सचिव,शशि कुमार लाहकार को कोषाध्यक्ष,अजय कुमार बरनवाल को सह-कोषाध्यक्ष,जीवन सोनी को मीडिया प्रभारी चुना गया। चुने गए पदाधिकारियों को संरक्षक मंडली ने



भगवा साफा बांधकर सम्मानित किया गया। कमिटि का विस्तार करते हुए 25 सदस्यीय कार्यकारिणी सदस्य चुना गया जिसमें मनोज यादव,प्रकाश प्रसाद बर्मन, कारू प्रजापति( बड़ा), कारू प्रजापति (छोटा), माणिक यादव,सुरेश कुमार चंद्रवंशी, संजय कुमार(बबलू), जय प्रकाश सिंह, विवेक कुमार गुप्ता, अनुभव भारती, अविनाश कुमार, दिलीप साव, कारू मिश्रा, दीपक सोनी, संदीप लाहकार, अनुज कुमार, दिनेश प्रसाद(शीतल होटल), अजय साव(बबलू), किशोर कुमार मंडल, अरुण कुमार सिन्हा, महेश प्रसाद, राकेश कुमार बरनवाल, पवन कुमार महतो, राजकुमार ठाकुर, हिरामन महतो को शामिल किया गया। दुर्गा पूजा के प्रारंभ और निर्माण से जुड़े अभिभावकों को श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति में बतौर संरक्षक, पथप्रदर्शक के तौर पर शंभूलाल यादव,गुरुप्रसाद साव,जयवीर प्रसाद बर्मन, किशोर कुमार मंडल,विनोद सिंह,मिश्रीलाल आजाद,त्रिवेणी प्रसाद बर्मन की गरिमामयी उपस्थिति में भव्य पूजनोत्सव की रूप रेखा तैयार करते हुए श्री श्री दुर्गा पूजा समिति पूरी तरह से जुट गई।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



कैरो के चरिमा में संचालित एचएस पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# जीवन में शिक्षा का महत्व बहुत ज्यादा, शिक्षा के बिना मानव जीवन का विकास अधूरा : हारिस विन जमां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखण्ड क्षेत्र के चरीमा गांव में संचालित एस एच इम्पेरियल पब्लिक स्कूल परिसर में 12 सितंबर गुरुवार को शिक्षक दिवस मनाया गया। मौके पर कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे लोहरदगा पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमाँ को बुके, शॉल व गिफ्ट, भेंटकर तथा अन्य अतिथियों को शिक्षकों द्वारा बुके व गिफ्ट देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सपने हमेशा बड़े देखने चाहिये और उसे पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिये। जीवन मे शिक्षा का महत्व बहुत ज्यादा है शिक्षा के बिना विकास संभव नही हैं। उन्होंने कहा कि जिनमे लगन होती है वे अभावों में भी कड़ी मेहनत कर सफलता प्राप्त कर ही लेते हैं। बहुत से ऐसे उदाहरण मिलते हैं कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे नदी में तैरकर भी विद्यालय पहुंचकर शिक्षा प्राप्त किया है, ग्रामीण क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर घर के बच्चे भी अभावों का सामना करते हुए अपनी कड़ी मेहनत और लगन के बदौलत जीवन मे सफलता अर्जित किये हैं यू पी एस सी जैसे टॉप परीक्षाएं भी पास किये है। मौके पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर बतौर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अनीश अहमद खान ने कहा कि आज हम लोग के क्षेत्र में इस तरह का स्कूल खुलने एक सौभाग्य की बात है और उन्होंने कहा कि आज के दिन इस लम्हा देखकर लगा कि हम लोग कहीं गांव में नहीं बड़ा सिटी में यह प्रोग्राम हो रहा है बड़े शालीनता और बड़ी आदर्श के साथ यह प्रोग्राम किया गया सभी कोई शिक्षा को ध्यान दें और शिक्षा को पूर्ण रूप से प्राप्त करें। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी सूश्री छन्दा भट्टाचार्य ने कहा कि शिक्षा से एक बेहतर और विकसित समाज व गाँव निर्माण संभव। मौके पर कैरो थाना प्रभारी नीरज झा, स्कूल के अभिभावक ताहिर अंसारी, उसेटर अंसारी, खुर्शीद अंसारी, लालू उरांव, अनिल साहू, शिक्षक वसीम अंसारी, आसिफ अंसारी, रेहान अंसारी, अरविंद यादव, सोएब अंसारी, सुशांत, कनक किसपुटा, सहाला निगार, शुशील खलखो फूलमती, शना, ममता, मोनादिपा, सन्ध्या मैंम, आफरीन खान, फरहीन खान आदि उपस्थित थे।

## यूएनडीपी प्रोग्राम मैनेजर ने कोलेबिरा में कौशल विकास संस्थान का किया निरिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा जिला के कोलेबिरा प्रखंड में संचालित कौशल विकास संस्थान मुख्यमंत्री सारथी योजना के विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण यूएनडीपी प्रोग्राम मैनेजर राजीव खड़े और डिस्टिक प्रोजेक्ट अस्सिटेंट श्रेय लकड़ा ने मंगलवार को किया। उन्होंने अपने निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रों में संचालित बच्चों से कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी ली और बताया कि सिमडेगा जिला में संचालित सभी केंद्रों में अच्छे ढंग से प्रशिक्षण कार्य चल रहा है द्य निरीक्षण के दौरान सेंटर इंचार्ज प्रभु कश्यप, पवन कुमार वर्मा, योगेश कुमार गुप्ता, ट्रेनर पिंकी कुमारी, सोनाली कुमारी, रानी कुमारी से सेंटरों की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली गई। रहनुमा प्रवीण सुल्तान प्रवीण सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इस निरीक्षण का उद्देश्य कौशल विकास संस्थानों में संचालित कार्यक्रमों की गुणवत्ता को बढ़ाना और सुनिश्चित करना था कि ये कार्यक्रम युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने में मदद कर रहे हैं। राजीव खड़े ने कहा कि यूएनडीपी कौशल विकास के क्षेत्र में काम करने वाले संस्थानों के साथ मिलकर काम कर रहा है ताकि युवाओं को बेहतर रोजगार के अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि कौशल विकास संस्थानों में संचालित कार्यक्रमों को और बेहतर बनाने के लिए यूएनडीपी प्रतिबद्ध है। इस निरीक्षण के दौरान कई सुझाव और विचार साझा किए गए जो कौशल विकास संस्थानों में संचालित कार्यक्रमों को और बेहतर बनाने में मदद करेंगे।

## खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं पर यहां के सांसद और विधायक प्लेटफॉर्म देने में नाकाम : पवन तिग्गा



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को लोकहित अधिकार पार्टी का बैठक लोहरदगा जिला के सदर प्रखंड अंतर्गत बाघ पंचायत के ग्राम सिंहपुर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला कार्यकारी अध्यक्ष श्री सुकरू उरांव ने किया। बैठक में आदिवासी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री पवन तिग्गा एवं केंद्रीय सदस्य सह गुमला जिला प्रभारी श्री मुकेश कुमार सिंह उपस्थित हुए। पवन तिग्गा कहा की लोहरदगा विधानसभा में सभी पंचायत में अभी के सीजन में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है और सांसद विधायक को मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया जाता है। और विजेता और उपविजेता यहां तक की जितने भी प्रतिभागी भाग लेते हैं उन सभी खेल प्रेमियों को शुभकामना देते हैं लेकिन खेल के माध्यम से अच्छा प्लेटफार्म रोजगार इन सब चीजों का पहल नहीं करते हैं लोकहित अधिकार पार्टी के विधानसभा जाने का जनादेश मिला तो इन सारी चीजों का पहली प्राथमिकता पर निदान किया जाएगा मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड के लोगों को सामान्य योजना दिया जा रहा है इसका स्वागत करते हैं लेकिन रोजगार दिया जाता तो निश्चित तौर से समृद्ध झारखंड विकास झारखंड होता है। बैठक में मुख्य रूप से अमित मिंज, गुलपा उरांव, वीरेंद्र उरांव, राम ब्रिज उरांव, रोहित उरांव, बबलू राम, मंगरा उरांव, गुड्डन लकड़ा, सोना मनी, उरांव बुदया उरांव, राजमनी उरांव, मोटू उरांव, देवपाल उरांव के अलावे सैकड़ो लोग उपस्थित हुए।

## कल्हेपाट में स्थित बिरसा पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ कर्मा पूर्व संध्या कार्यक्रम



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के कल्हेपाट में स्थित बिरसा उराँव पब्लिक स्कूल में करमा पर पूर्व संध्या मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के नन्हे मुन्हें बच्चों द्वारा गीत संगीत नृत्य के मध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया गया?। शिक्षक दिवस सह करमा पुर्व संध्या कार्यक्रम से पूर्व विद्यालय के संचालक कर्मदेव उराँव तथा अथितियों व अविभावकों द्वारा डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन एवं स्वर्गीय मेजर बिरसा उराँव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान नन्हे मुन्हें स्कूली छात्र छात्रों द्वारा स्वागत गान हे मां सरना,के बोल से आरम्भ हुआ.इसके ततपश्चात नदिया किनारे मोर गांव,करम जावा फुल आदि आदिवासी गाना पर बच्चों ने अपना कला का प्रदर्शन किया। जबकि इससे पूर्व बच्चों ने शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक शिक्षिकाएं को समान्नित किया गया। तथा नृत्य,झूमर गीत प्रस्तुत कर शिक्षक शिक्षकाओं के सम्मान में प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर विद्यालय संचालक कर्मदेव उरांव ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से बच्चों का मानशिक व बौद्धिक विकास के साथ साथ कला के क्षेत्र में ज्ञान अर्जित करने का अवसर प्राप्त है। वही बताते हुए कहा कि करमा पर्व भाई बहनों का प्रेम के प्रतीक का त्यौहार है। साथ ही उन्होंने कहा पुर्वजों के समय से आदिवासी समाज प्राकृतिक को पूजते आ रहें है। और यह परंपरा को कायम रखने पर आज भी जोर दिया जा रहा है। उपस्थित अविभावक एवं समाज से अपील करते हुए कहा कि करमा पूजा विधिवत तरीके से मानना है। और पर्व के दौरान सौहार्द कायम रखने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं सरिता उरांव,सरोज महतो, करमंचद उरांव, मनोरमा कुजूर, नेहा तिर्की, रीना लकडा एवं अविभावक और छात्र छात्राओं के अलावे ग्रामीण और समाजिक कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे।

# कैरो थाना में आगामी त्योहार कर्मा, मिलादुलनबी, विश्वकर्मा पुजा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** थाना क्षेत्र कैरो मे आगामी त्यौहार कर्मा पुजा, मिलादुलनबी, एवं विश्वकर्मा पुजा को लेकर कैरो थाना परिसर मे 12 सितंबर गुरुवार को कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी अंचलाधिकारी, सुश्री छ्न्दा भट्टाचार्य थाना प्रभारी नीरज झा, एस आई मनोज कुमार, व थाना क्षेत्र के शांति समिति सदस्यों की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आहुत की गई। बैठक मे उपरोक्त पदाधिकारियों ने आगामी त्योहार आपस में एक दुसरे के साथ समाजिक सौहार्दपूर्ण मे मिलजुलकर मनाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में प्रविपदा0 सुश्री छ्न्दा भट्टाचार्य ने प्रखंड क्षेत्र मे विगत सभी त्योहार शांति व सौहार्द के साथ संपन्न किये जाने पर शांति समिति सदस्यों के कार्यो की सराहना की, वही थाना प्रभारी ने आगामी 14 सितंबर को कर्मा पुजा,15 को विसर्जन, 16 सितंबर को मिलादूलनबी, एवं 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा में पंचायत वार होने वाले कार्यक्रमों की चर्चा एवं कार्यक्रम मे लोगो की संख्या पर क्षेत्र के शांति समिति सदस्यों से विस्तृत रुप से चर्चा कर थाना की और से सुरक्षा के निमित आवश्यक बल की तैनाती की बात कही।? मौके पर उक्त बैठक मे उपरोक्त अधिकारियो के अलावा एएसआई संजय कुमार सिंह, शांति समिति सद्स्य, विशेश्वर दीन, सुरज मोहन साहू, अनिल कुमार पांडे, बजरंग उरांव, विवेक प्रजापति, उप-मुखिया रवि प्रजापति, विपिन सिंह प्रखंड अन्जुमन के सदर जमील अख्तर, सेक्रेटरी समीद अंसारी, इम्तियाज अंसारी, विहिप के जितवाहन महतो, हनहट से मोहन साहू, गजनी से शहीद अंसारी, नरौली से प्रवीण साहू, इत्यादि प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से शांति समिति सद्स्य बैठक में उपस्थित थे।

# सदर अस्पताल में डॉक्टर की उपलब्धता एवं व्यवस्था में जल्द सुधार हो : श्रद्धानन्द बेसरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा सदर अस्पताल में मरीज को देखने गए भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने अस्पताल में देखा कि ओटीपी रूम के बाहर काफी लंबी लाइन में डॉक्टर को दिखाने के लिए मरीज खड़े हैं , बेसरा ने ओटीपी रूम में जाकर देखा वहां मरीज को देखने के लिए कोई भी डॉक्टर उपलब्ध नहीं है। लाइन में क्रमबद्ध खड़े लोगों से बेसरा ने पूछताछ किया तो पता चला डॉक्टर साहब के उपस्थित नहीं रहने से वे घंटों लाइन में खड़े हैं। इस संबंध में बेसरा ने पूछताछ अच्छा किया तो पता चला कि जो डॉक्टर ओटीपी रूम में बैठा हुआ था वही डॉक्टर पोस्टमार्टम करने गया हुआ है , पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी तैयार कर रहा है, और पता चला कि कोर्ट में भी गवाह के रूप में पेशी के लिए गया हुआ है। इस तरह का व्यवस्था को देख उपरोक्त संबंध में श्री बेसरा ने सिविल सर्जन से मुलाकात किया एवं डॉक्टर उपलब्ध कराने के लिए आग्रह की ताकि मैरिज अपना उपचार करवा सके। सिविल सर्जन ने डॉक्टरों की कमी को बताते हुए कहा कि अस्पताल में डॉक्टरों की कमी है अभी मैं नया-नया आया हूं और मेरी कोशिश रहेगी की आने वाले दिनों में मरीज को बेहतर सुविधा देने के लिए भरसक प्रयास करूंगा। बेसरा ने सिविल सर्जन महोदय से यह भी कहा कि इस क्षेत्र में दुर्घटनाएं प्रत्येक दिन होते रहती है और संपूर्ण सुविधा उपलब्ध नहीं रहने के कारण दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को रेफर कर दिया जाता है। अगर इसके संबंध में सदर अस्पताल सिमडेगा में बेहतर इलाज की व्यवस्था हो जाता तो बहुत से एक्सीडेंट ग्रस्त व्यक्तियों का जान बच सकता है। फिलहाल बता दें की हड्डी से संबंधित एक ही डॉक्टर है एवं बेहतर व्यवस्था नहीं होने के कारण मरीज को यहां से रेफर कर दिया जाता है।

## करमा पर्व को लेकर रोहित उरांव ने किए नगाड़ा-मांदर का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुरुवार को लोहरदगा विधानसभा अंतर्गत विभिन्न गांवों में करमा परब को लेकर ग्रामीणों के बीच नगाड़ा-मांदर का वितरण किया गया। मौके पर ग्रामीणों के द्वारा रोहित उरांव का स्वागत आदिवासी रितिरिवाज के साथ किया गया। इस मौके पर रोहित उरांव ने कहा कि करमा परब यह पर्व प्रकृति से जुड़ा है और इसे मनाने का मकसद प्रकृति का आदर करना, उसका संरक्षण करना,और उसे संवर्धन करना है।इस पर्व को मनाने का मकसद भाई-बहन के प्यार को भी दिखाना है.आज हम सभी कोई इस पर्व को खुशियों के साथ धूम धाम से बनाने के उद्देश से मांदर-नगाड़ा आदि वाद्य-यंत्रों का वितरण किया जा रहा है। इसके साथ ही आदिवासी संस्कृति सभ्यता को आगे बढ़ाने के लिए माननीय मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा आदिवासी बहुल इलाकों में ढोल नगाड़ा के साथ अखड़ा धुमकुड़िया आदि का निर्माण किया जा रहा है। जिससे आदिवासी संस्कृति सभ्यता को संरक्षित किया जा रहा है। इस मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, असलम अंसारी, सुनीता कश्यप, जयमंत कुजूर, प्रकाश उरांव, अजय उरांव, कृतीचंद, नितेश, विनोद उरांव, सीबू उरांव, उमेश उरांव, आदि उपस्थित थे।

## तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर में स्काउट गाइड ने सीखा टेंट बनाने की कला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा के उर्सलाइन कान्वेंट बालिका उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित सात दिवसीय तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर में चौथे दिन स्काउट और गाइड के विधार्थियों ने टेंट बनाने की तरीको को सीखा। विधार्थियों के द्वारा टेंट बनाने का काम भी किया गया। इसके अलावा दुर्घटना की स्थिति में प्राथमिक चिकित्सा देने के तरीकों से भी वाकिफ हुए। साथ ही पायोनियरिंग के माध्यम से सीढ़ी, पुल, झंडा पोल, अनुमान लगाना की कला को जाना। विकट परिस्थिति में रस्सी का इस्तेमाल कर स्काउट और गाइड के बच्चें किसी की जान कैसे बचा सकते हैं यह भी प्रशिक्षण प्राप्त करने का काम किया। तृतीय सोपान प्रशिक्षण सह परीक्षण शिविर में शामिल स्काउट और गाइड टेस्ट परीक्षा में भी सफल हो रहे हैं। पेट्रोल विधि, कैंप के रूल्स जानने वाले सभी सफल तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर के स्काउट और गाइड अब आगे राज्य पुरस्कार टेस्टिंग कैंप में शामिल हो सकेंगे। तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर में शामिल सभी स्काउट और गाइड के छात्र छात्राओं का यूआईडी बनाया गया।? जो इन बच्चों की स्काउटिंग गाइडिंग की पहचान बनेगी। प्रशिक्षण शिविर में शामिल भारत स्काउट और गाइड के बच्चें बच्चियां शामिल हो रहे हैं।

## प्रकृति पर्व करमा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है : मनोज्ञा पांडेय




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कर्मा की पूर्व संध्या पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले मंजूरमती उच्च विद्यालय के प्रांगण में मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रचना का प्रदर्शन किया। जिला प्रमुख मनोज्ञा पांडेय ने कहा की प्रकृति पर्व करमा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। करम महोत्सव आदिवासी समाज के महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है,जो प्रकृति और वृक्षों की पूजा पर आधारित है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के सचिव सह पूर्व संस्थापक श्री मदन मोहन पांडेय भी उपस्थित थे। सचिव महोदय ने कहा की भाई-बहन के स्नेह तथा प्रेम का प्रतीक करमा के मौके पर बहन अपने भाई की रक्षा के लिए करम डाली की पूजा करती है एवं भाई की कुशलता की कामना करती है। करम के मौके पर बेहतर फसल उत्पादन को लेकर करम देवता से प्रार्थना की जाती है। जिला संयोजक आदित्य कुमार साहू ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा की इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन होते रहना चाहिए क्योंकि आज की युवा पीढ़ी ही सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा कर सकती हैं यही धरोहर हमे एक दूसरे से जोड़े रख सकती है। प्रतियोगिता में विद्यालय के सचिव श्री मदन मोहन पांडेय के द्वारा जूनियर वर्ग से प्रथम पुरस्कार दीक्षा कुमारी, द्वितीय पुरस्कार माही कुमारी एवं तृतीय पुरस्कार हीना कुमारी को दिया गया।

## भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और कार्यकर्ताओं के दम पर ही हम आगामी विधानसभा के चुनाव में विजय हासिल करेंगे : प्रेम सिंह




**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा जिला पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य, निवर्तमान जिला पदाधिकारी एवं समस्त पूर्व जिलाध्यक्ष और पूर्व मण्डल अध्यक्ष,एवं उसके सभी पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, मण्डल मोर्चा अध्यक्ष, महामंत्री, शक्तिकेन्द्र के प्रभारी, संयोजक एवं सहसंयोजक, प्रदेश पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, प्रदेश मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, प्रदेश प्रकोष्ठ एवं विभाग के संयोजक, सहसंयोजक, जिला मोर्चा के पदाधिकारी की बृहद बैठक बुधवार को बक्सीडीप्पा स्थित पार्टी कार्यालय में हुई इसकी अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने की। बैठक में मुख्य रूप से बतौर पर्यवेक्षक के रूप में प्रेम सिंह एवं सुरेंद्र महतो मौजूद थे। आयोजित इस बैठक में संगठनात्मक मजबूती पर विशेष रूप से चर्चा की गई। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बूथ को और भी सशक्त बनाने पर बल दिया गया। मौके पर प्रेम सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और कार्यकर्ताओं के दम पर ही हम आगामी विधानसभा के चुनाव में विजय हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा के चुनाव में महागठबंधन के लोगों ने देश को गुमराह करने का कार्य किया हैं। ऐसे ठगबंधन को विधानसभा के चुनाव में सबक सिखाने की जरूरत है। पार्टी के हर एक कार्यकर्ताओं का सिर्फ एक ही लक्ष्य होना चाहिए की कैसे चुनाव में हमारी जीत सुनिश्चित हो सके। वही सुरेंद्र महतो ने गाय की आने वाला दो माह चुनाव की दृष्टिकोण से पार्टी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है इसकी तैयारी में अभी से ही जुट जाए। इस बार आर पार की लड़ाई है। हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए एक-एक कार्यकर्ताओं को आगे आकर कार्य करने की जरूरत है। इस आगामी 22 सितंबर से दक्षिण छोटानागपुर के खूंटी से प्रारंभ हो रहे हैं विजय संकल्प यात्रा के लोहरदगा आगमन तथा इसकी सफलता पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। इस मौके पर आगामी विधानसभा चुनाव में लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशियों के नाम को लेकर राय सुमारी की गई।

## अज्ञात अपराधियो ने हथियार का बल से मोटर साइकिल लुटा

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र अन्तर्गत एकागुड़ी पथ पर स्थित पत्थर खदान के समीप अज्ञात अपराधियो ने हथियार के बल पर मोटर साइकिल लूट की घटना को अंजाम देकर डाडू जमीरा के रास्ते फरार हो गये। वही सरेंगहातू तोड़ार गांव निवासी मंटू उरांव का 18 वर्षीय पुत्र अशोक उरांव अपनी बहन को उत्क्रमित उच्च विद्यालय चितरी महुवा टोली पहुंचाने अपने घर से मोटर साइकिल आर एस 200,मोटर साइकिल नंबर जे एच 08 एक्स 1012 से जा रहा था। तभी एकागुड़ी पत्थर खदान के पास पहुंचा तो चार नकाब पोश अज्ञात अपराधियों द्वारा हथियार का भय दिखा कर मारपीट करते हुए मोटर साइकिल को लूटकर सभी अपराधि डाडू के रास्ते फरार हो गये। थाना प्रभारी ने कहा की एक मोटर साइकिल लूट की सूचना मिली है। आवेदन प्राप्त होते ही कारवाई किया जाएगा।

## गैस सिलेंडर गायब करने के आरोप में दो आरोपी गिरिफ्तार

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र अन्तर्गत एकागुरी गैस भंडार से भरा गैस सिलेंडर चोरी की शिकायत शुभम गैस एजेंसी के संचालक सतीश जयसवाल द्वारा थाना में आवेदन देकर बताया गया कि मेरे वाहन चालक कर्मी द्वारा एकागुरी गैस गोदाम से गैस भरा हुआ 25 गैस सिलेंडर को सेन्हा स्थित शुभन्भ गैस दुकान में पहुंचना था.लेकीन मेरा कर्मी वाहन चालक एजाजुल खान द्वारा 25 गैस सिलेंडर गायब कर दिया गया। 11 सितंबर को सेन्हा थाना कांड संख्या 81/ 24 दर्ज कर धारा 316 (2) 318 भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया।

# खेल के आयोजन से सामाज में आपसी सद्भाव और सौहार्द बढ़ता है : नेसार अहमद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कुडू प्रखंड के ग्राम बारीडीह में सेवन स्टार फुटबॉल क्लब द्वारा पांच दिवसीय इनामी फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। टूर्नामेंट के समापन समारोह में नेसार अहमद प्रदेश प्रतिनिधि कांग्रेस, बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। वहीं युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष संजर अंसारी, कमरूल इस्लाम तारीक अनवर एवं हलीम अंसारी समेत कई अतिथि शामिल हुए। स्थानीय ग्रामीण एवं आयोजन समिति के द्वारा अतिथियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे जंगबाज फुटबॉल क्लब टाकू एवं एस टी क्लब मकान्दू के बीच खिताबी मुकाबला हुआ जिसमें एस टी क्लब मकान्दू की टीम चैंपियन बनी। टूर्नामेंट के विजेता एवं उपविजेता टीमों के बीच अतिथियों के द्वारा नकद राशि एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि नेसार अहमद ने उपस्थित ग्रामीण एवं खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि फुटबॉल इस क्षेत्र का काफी लोकप्रिय खेल है जिसे ग्रामीण स्तर पर लोग आयोजन कर उत्सव के रूप में मनाते हैं यदि खिलाड़ी इसे फीफा के नियमों एवं अनुशासित ढंग से खेलेंगे और निरंतर अभ्यास करेंगे तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। इस तरह के खेल के आयोजन से ग्रामीण स्तर पर सामाजिक सद्भाव और सौहार्द प्रगाढ़ होता है। वर्तमान हेमंत सोरेन की राज्य सरकार खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए अनेक नीति और नियम बनाए हैं जिनका लाभ युवाओं को लेना चाहिए। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष सरवर खान, सचिव विकास उरांव, संचालक शमीम अंसारी, रशीद अंसारी, राजेंद्र उरांव, मुस्तफा अंसारी, असगर खान, मुस्ताक खान, अमित उरांव, छोटू खान, शाहनवाज अंसारी, जमील अंसारी, तौसीफ खान, हसमत खान, अरशद फैज, सद्दाम अंसारी एवं जुल्फान अंसारी समेत हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# सरकार और जनप्रतिनिधियों ने की अनदेखी, तो ग्रामीणों ने खुद से बना दिया पुल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कौन कहता है आसमान में सुराग नहीं हो सकता, जरा तबीयत से पत्थर तो उछालो यारो.. इस कहावत को चरितार्थ किया है जलडेगा प्रखंड के लंबाई करमापानी गांव के ग्रामीणों ने। सरकार और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी हुई तो 16 टोलों के ग्रामीणों ने श्रमदान करते हुए पुल का निर्माण कर दिखाया है। झापा के युवा जिलाध्यक्ष संदेश एक्का ने श्रमदान से निर्मित पुल का उद्घाटन किया। और कहा कि झापा के जीत के साथ ही सबसे पहले लंबोई नदी में उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान जनप्रतिनिधि केवल धर्म के नाम पर लोगों को उकसाने का काम करते हैं, काम से उनका कोई लेना देना नहीं है। पूरे क्षेत्र में लोग विभिन्न तरह की समस्याओं से परेशान है, लेकिन जनता की समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि एनोस एक्का जी ने अपने कार्यकाल में कार्य करके दिखाया है और आगे भी उनके मार्गदर्शन में बेहतर काम होगा। उन्होंने कहा कि अभी भी झारखंड पार्टी जनता की समस्या को दूर करने का हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने श्रमदान कर पुल बनाने वाले ग्रामीणों को भी बधाई देते हुए कहा कि कामचलाऊ पुल बन जाने से लोगों को आने-जाने में सुविधा होगी। खासकर मरीजों को अस्पताल पहुंचने में हो रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा। साथ ही साथ छात्र भी आसानी से स्कूल कॉलेज जा पाएंगे। उन्होंने सभी लोगों से जागरूक होने की बात कहते हुए कहा कि इस बार बदलाव के लिए वोट करना है, विकास के लिए वोट करना है,समस्या को दूर करने के लिए वोट करना है, सामाजिक और धार्मिक न्याय के लिए वोट करना है। मौके पर प्रखंड नोवेल हेरेंज,रसाल खलखो, पौलुस लुगून, सिमोन कन्डुलना, एशियन डांग, सिलमानी सुरिन, अंकित सुरीन, यरजान डांग सहित कई लोगों उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### श्रीराम के चरित्र को आत्मसात करने की है जरूरत : छोटू



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : रामलीला में श्रीराम के चरित्र का चित्रण होता है। रामलीला देखकर बच्चों से लेकर बड़े लोग राम के चरित्र को आत्मसात करते हैं। उक्त बातें अजसू पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य चंद्रशेखर सिंह छोटू ने कही। वे बुधवार को चैनपुर प्रखंड के पतरिया खूर्द गांव में आयोजित गणेश पूजा के अवसर पर आयोजित रामलीला कार्यक्रम के शुभारंभ मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने फीता काटकर रामलीला कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि रामलीला के माध्यम से संबंध को कैसे निभाया जाय यह सीखने को मिलता है। भाई को कैसे भाई के साथ, पिता को कैसे पुत्र से साथ, पुत्र को कैसे पिता के साथ व पति को कैसे पत्नी के साथ संबंध व व्यवहार रखना चाहिए। आज की आधुनिकता व समाज में फैली कुरीतियों के विरुद्ध युवा समिति ने रामलीला का आयोजन कर समाज के लिए एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन कर्ता पतरिया ग्राम के युवा समिति के सदस्यों रामलीला कार्यक्रम के आयोजन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी। इसके पूर्व समिति के अध्यक्ष मनदीप चौधरी ने चंद्रशेखर सिंह छोटू को फूल माला पहनकर स्वागत किया। मौके पर बनारस से पधारी रामलीला मंडली ने रामलीला का भव्य मंचन किया। मंच पर राम दरबार ऐसा सजाया गया था मानो भगवान श्री राम, माता सीता, हनुमान आदि साक्षात विराजमान हो गए हों । मौके पर पार्टी नेता जिला संगठन सचिव सतीश तिवारी, राजीव पांडे, बबलू डोगरा, परमानंद सिंह, प्रेम सिंह, ओम प्रकाश सिंह, प्रमोद प्रजापति, मनदीप चौधरी, दारोगा सिंह, अमन, बुधन चौधरी, राजेश चौधरी, रवि पांडे, दीनानाथ राम, संजय पांडे, भोजपुरी कलाकार विभूति गिरी, पतरिया गांव के समाजसेवी चंद्रशेखर सिंह, शिवलाल चौधरी, विष्णु देव चौधरी, शिक्षक मदन सिंह, रामयश सिंह, गया राम, प्रमोद सिंह, हरि सिंह व बुद्धेश्वर सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### भाजपा के 11 पार्षदों का इस्तीफा

**गांधीनगर** : जिले की कलोल नगरपालिका में भाजपा के 11 पार्षदों ने गुरुवार को अपना इस्तीफा दे दिया है। माना जा रहा है कि भाजपा पार्षदों के यह इस्तीफे पूर्व में नगरपालिका के भाजपा सदस्यों के दो गुटों में मारपीट की प्रतिक्रिया में इस्तीफे दिए गए हैं। दरअसल, 5 सितंबर को कलोल नगरपालिका में री-टेंडरिंग को लेकर दो गुटों में जमकर मारपीट हुई थी। इसमें विधायक समर्थकों पर री-टेंडरिंग की मांग का आरोप लगाया गया। इस घटना से नाराज लोगों ने नगरपालिका पर हल्ला-बोल किया था। इसमें स्थाई समिति अध्यक्ष के साथ हाथापाई की गई थी। बताया गया कि इस घटना के बाद कलोल के विधायक बकाजी ठाकोर और नगरपालिका के पदाधिकारी भाजपा मुख्यालय कमलम पहुंचे थे।

# लोहरदगा : डॉ. रामेश्वर व सांसद सुखदेव की प्रतिष्ठा दांव पर

**विधायक सह मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव के लिए सर दर्द बना अभिनव सिद्धार्थ भगत**

राजेश गुप्ता@प्रभात मंत्र

**लोहरदगा** : लोहरदगा में इन दिनों फिर से राजनीति चर्चा गरमा गई है।बताते चलें की 2024 में लोक सभा चुनाव के बाद अब विधान सभा का चुनाव होना है।जिसमे राज्य भर के विभिन्न पार्टियां अपने अपने उम्मीदवारों को मैदान में उतारने को तैयारी में जुट गए है। वही लोहरदगा में होने वाली विधान सभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने कुछ उम्मीदवारों की सूची जारी किया है।जिसमे झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार विधान सभा चुनाव में उम्मीदवार के लिए लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के जिला अध्यक्ष सुखैर भगत को प्राप्त आवेदन की सूची में पहले नंबर पर वर्तमान विधायक सह मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव का नाम है,जबकि दूसरे स्थान पर वर्तमान सांसद सुखदेव भगत के बेटे अभिनव सिद्धार्थ,तीसरे नंबर पर जिला अध्यक्ष सुखेर भगत का नाम शामिल है।जिसके बाद विनोद सिंह खेरवार,जगदीप भगत,प्रभात भगत,श्रीमती रीना कुमारी भगत,श्रीमती रामा खलखो,विशाल डुंगडुंग,दिलीप कुमार टोप्पो का नाम सूची में शामिल है। बता दे की 2024 में लोक सभा चुनाव नव निर्वाचित और वर्तमान सांसद सुखदेव भगत के बेटा अभिनव सिद्धार्थ भगत का भी नाम सूची में शामिल किया गया है।इन सभी दस उम्मीदवारों में सबसे ज्यादा प्रबल दावेदार वर्तमान विधायक डॉ रामेश्वर उरांव तथा सांसद सुखदेव भगत के बेटे अभिनव सिद्धार्थ भगत को माना जा रहा है।जबकि वर्तमान विधायक डॉ रामेश्वर उरांव का इतिहास देखा जाय तो राजनीति से उनका बहुत पुराना रिस्ता रहा है। विधायक के साथ साथ कई बार रामेश्वर उरांव मंत्री एवं राज्य के वित मंत्री भी रहे है।वही दूसरी ओर देखा जाए तो अभिनव सिद्धार्थ भगत एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बनाई है।

लोहरदगा में इस बार का विधानसभा चुनाव फिर से एक बार दिलचस्प मोड़ लेने वाला है। क्योंकि इस विधानसभा चुनाव में दोनों ही उम्मीदवार प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। वहीं अगर लोहरदगा से वर्तमान विधायक डॉ रामेश्वर उरांव को कांग्रेस पार्टी टिकट देती है तो वह अपने बलबूते विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे। जबकि दूसरी ओर अभिनव सिद्धार्थ भगत का पहचान एक सामाजिक कार्यकर्ता के साथ वर्तमान सांसद सुखदेव भगत के बेटे के रूप में देखा जा रहा है।परंतु अब दिलचस्प बात कुछ ऐसी है कि अब सुखदेव भगत भी बाप बेटे की जोड़ी के साथ मैदान में उतारना चाह रहे हैं। क्योंकि 2024 के लोकसभा चुनाव में पूरे दमखम के साथ जीत हासिल करने वाले प्रत्याशी अगर सुखदेव भगत ने अपने बेटे अभिनव सिद्धार्थ भगत को मैदान में उतारते है तो फिर रामेश्वर उरांव के लिए मुसीबत खड़ी होती दिख रही है।परंतु अब टिकट मिलने के बाद ही यह फैसला होगा कि इस विधानसभा के चुनाव में डॉक्टर रामेश्वर उरांव,अभिनव सिद्धार्थ या फिर किसी अन्य को टिकट दिया जाता है।सांसद सुखदेव भगत ने 2024 लोकसभा चुनाव में अप्रत्याशित जीत से सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी के नजर में अपना कद को ऊंचा कर लिया है। अब यह माना जा रहा है कि सांसद सुखदेव भगत अगर लोकसभा चुनाव की जीत के बाद विधानसभा चुनाव में बेटे के लिए अगर टिकट की मांग करते हैं तो उसे राष्ट्रीय लेवल पर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।अभिनव सिद्धार्थ युवा राष्ट्रीय सचिव के पद पर रहकर उन्होंने संगठनात्मक दृष्टिकोण से संगठन को बेहतर बनाने में अहम भूमिका के रोल में दिख रहे है। खासकर युवाओ का साथ इनके लिए बेहतर और खास लगाव हो सकता है।

### लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख मुद्दे

लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में बॉक्साइट के लिए विख्यात लोहरदगा में लंबे समय से बॉक्साइट कारखाना लगाने की मांग की जा रही है। बेरोजगारी की समस्या को देखते हुए स्थानीय निवासी बॉक्साइट फैक्ट्री की स्थापना को आवश्यक बताते हैं। जिले के 70 प्रतिशत लोग कृषि पर निर्भर है। सिंचाई के लिए खेतों में पानी भी मुद्दा है। क्षेत्र के भंडरा और कैरो की सीमा पर नंदिनी जलाशय का निर्माण कराया गया है। लेकिन किस्को प्रखंड क्षेत्र के डहरबाटी डैम की मांग लंबे समय से की जा रही है। क्षेत्र में पलायन भी बड़ा मुद्दा है। सिंचाई की समुचित व्यवस्था नहीं है। रोजगार के लिए बड़े पैमाने पर लोग अन्य प्रदेशों में पलायन करते हैं।

### लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस को बढ़त

लोकसभा चुनाव में लोहरदगा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव को बड़ी सफलता मिली। कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में इस तरह का लहर देखने को मिला कि लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में भी बीजेपी प्रत्याशी को हार मिली। वर्ष 2019 के लोहरदगा विधानसभा सीट से कांग्रेस के रामेश्वर उरांव ने जीत हासिल की थी, वहीं लोकसभा चुनाव में वे कांग्रेस प्रत्याशी को बढ़त दिलाने में सफल रहे।

### लोहरदगा विधानसभा चुनाव परिणाम 2014

| प्रत्याशी का नाम | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| कमल किशोर भगत | आजसू | 56920 |
| सुखदेव भगत | कांग्रेस | 56228 |

### लोहरदगा विधानसभा चुनाव परिणाम 2009

| प्रत्याशी का नाम | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| कमल किशोर भगत | आजसू | 35816 |
| सुखदेव भगत | कांग्रेस | 35220 |

### लोहरदगा विधानसभा चुनाव परिणाम का 2019

| प्रत्याशी का नाम | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| रामेश्वर उरांव | कांग्रेस | 74380 |
| सुखदव भगत | भाजपा | 44230 |

### लोहरदगा का भौगोलिक और राजनीतिक इतिहास

लोहरदगा विधानसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में सदन प्रखंड सहित कुडू, कैरो, किस्को, पेशरार, सेन्हा और भंडरा प्रखंड आते हैं। इनमें सेन्हा और भंडरा का आधा भाग बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र में चला जाता है।





### लोहरदगा में इंडिया गठबंधन का है दबदबा

लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत को करीब 27 हजार वोटों के अंतर से बढ़त मिली थी। हालांकि लोकसभा चुनाव में जेएमएम विधायक चमरा लिंडा भी निर्दलीय विधायक के रूप में चुनाव मैदान में थे। लेकिन इसके बावजूद इंडिया अलायंस को इस संसदीय सीट के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त मिली।

### आजसू भी लोहरदगा से जीत चुका है

लोहरदगा विधानसभा सीट कांग्रेस की गढ़ रही। लेकिन वर्ष 2009 में आजसू पार्टी ने लोहरदगा सीट को हथिया लिया था। इस चुनाव में आजसू पार्टी के कमल किशोर भगत ने पहली बार जीत हासिल की। इसके साथ ही लोहरदगा में पहली बार कमल किशोर भगत आजसू पार्टी का पताका फहराने में सफल रहे। इसके बाद 2014 में भी कमल किशोर भगत इस सीट से दोबारा चुनाव जीते थे। लेकिन 2019 के चुनाव में पुनः यह सीट कांग्रेस के पाले में चली गई।

# रामगढ़ विस : कुर्मी जाति के प्रत्याशियों का दबदबा



मो. शाहीद @ प्रभात मंत्र

**रामगढ** : झारखंड विधानसभा 2024 का तैयारी शुरू चुकी है। ऐसे में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रामगढ़ विधानसभा में विभिन्न पार्टी के दावेदारों की गतिविधियां बढ़ गई है। सभी पार्टियों के नेता-कार्यकर्ता अपनी-अपनी तैयारी में लग गए है। यहां मुख्य मुकाबला कांग्रेस और आजसू के बीच होती आई है। जिसमें कांग्रेस के साथ गठबंधन में जेएमएम,आरजेडी और वामदल साथ देती है। वही आजसू को बीजेपी का समर्थन रहता है।पिछले चुनाव की बात करें तो 1 साल पहले हुई विधानसभा के उप चुनाव में रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी को आईपीएल कांड में दोषी करार देने के कारण उन्हें जेल जाना पड़ा था। उनकी विधानसभा सदस्यता समाप्त हो गई थी। ऐसे में रामगढ में उपचुनाव कराया गया था।इस चुनाव में ममता देवी के पति बजरंग महतो को कांग्रेस पार्टी ने प्रत्याशी बनाया था। वही आजसू से सुनिता चौधरी को एनडीए का प्रत्याशी बनाया गया था। उपचुनाव में आजसू की प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने जीत दर्ज की थी।

### आजसू का रहा है वर्चस्व

पिछले चुनाव की बात करें तो वर्तमान में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी रामगढ़ विधानसभा से लगातार तीन बार जीत दर्ज कर चुके हैं। भाजपा शासन में मंत्री रहे थे। 2019 में उन्होंने गिरिडीह से लोकसभा सांसद का चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। उसके बाद 2019 में विधानसभा चुनाव में अपनी पत्नी सुनीता चौधरी को आजसू ने प्रत्याशी बनाया। इस चुनाव में भाजपा और आजसू दोनों पार्टियों ने अलग-अलग चुनाव लड़ा था। जिसमें कांग्रेस से ममता देवी ,आजसू से सुनीता चौधरी एवं भाजपा से कुंटू बाबू उर्फ रणंजय कुमार प्रत्याशी थे। इसमे कांग्रेस की ममता देवी ने जीत दर्ज की थी। मगर चार साल बाद आईपीएल गोली कांड में न्यायालय के द्वारा ममता देवी को सजा सुनाने के बाद उनकी सदस्यता समाप्त हो गई थी। इस कारण रामगढ़ में चुनाव आयोग ने फिर से चुनाव कराया। जिसमें आजसू और बीजेपी एक साथ मिलकर चुनाव लड़ा। प्रत्याशी सुनीता चौधरी को बनाया गया एवं कांग्रेस जेएमएम आरजेडी वामदल मिलकर बजरंग महतो को प्रत्याशी घोषित किया।जिसमें बजरंग महतो की हार हुई और सुनीता चौधरी रामगढ़ की विधायक विधायक बनी।

### खेल बिगाड़ सकता है जेबीकेएसएस

इस बार झारखंड विधानसभा 2024 के चुनाव में जेबीकेएसएस के आ जाने के कारण मुकाबला काफी रोचक होगा। आजसू और कांग्रेस दोनों पार्टियों को जेबीकेएसएस से कडी टक्कर मिलने के आसार है। और इस बार मुकाबला त्रिकोणियां होना तय है। बात प्रत्याशियों की करें तो आजसू से सुनीता चौधरी का नाम लगभग तैय है। वहीं कांग्रेस पार्टी से कई नाम सामने आ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के चुनाव प्रभारी के द्वारा रामगढ़ के विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों का आवेदन मंगाया गया है। जिसमें लगभग 15 लोगों का नाम आया है। इसमें पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो का नाम सबसे उपर आ रहा है। वही जेबीकेएसएस चार नाम सामने आ रहे हैं। पंकज महतो, संतोष महतो,पवन कुमार,दामोदर महतो एवं पनेशर कुमार महतो का नाम चर्चा में है।

### रामगढ़ में हावी रहता है कास्ट फैक्टर

रामगढ़ विधानसभा की चुनाव की स्थिति में तो यहां कुर्मी, कोयरी, मुस्लिम,आदिवासी और अपर कास्ट के लोग निवास करते हैं। इसमें कुर्मी जाति के मतदाता सबसे अधिक हैं। हर एक पार्टी के नेता कुर्मी जाति को अपनी ओर करने में लगे हुई है।

### सीएम हेमंत सोरेन का गृह जिला है रामगढ़

रामगढ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का गृह जिला भी है। गोला प्रखंड के नेमरा ग्राम में का हेमंत सोरेन का पूरा परिवार निवास करता है। भले ही हेमंत सोरेन राजनीति संथाल परगना से करते हैं। मगर उनका यह गृह जिला भी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का गृह जिला होने के कारण रामगढ़ विधानसभा सीट झारखंड में हॉट सीट के रूप में भी कहलाता है।

## नक्सली कमांडर सहित चार नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**कांकेर/रायपुर** : छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति और नक्सल उन्मूलन अभियान से प्रभावित होकर गुरुवार सुबह नक्सली कमांडर सहित दो महिला और दो पुरुष नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित सभी नक्सली उत्तर बस्तर डिवीजन के कुएमारी एरिया कमेटी में सक्रिय थे।चारों नक्सलियों पर 12 लाख का इनाम घोषित था। कांकेर की पुलिस अधीक्षक आई के एलिसेला ने आज बताया कि आत्मसमर्पित सुरजन्ना उर्फ सिताय कोर्राम कुएमारी एलओएस कमाण्डर थी। जिसपर पांच लाख का इनाम घोषित था। इस पर 2007 से 2024 तक कुल 24 मामले दर्ज हैं। 2010 में नारायणपुर में एक घटना में 27 जवान शहीद हो गए थे, उसमें यह महिला नक्सली शामिल थी। कुएमारी एरिया कमेटी सदस्य नरेश उर्फ लक्कू पुनेम पर भी पांच लाख रुपये का इनाम घोषित था।

# ट्री मैन डॉ. कौशल ने पौधा लगाकर किया कार्यक्रम का उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर में नेशनल मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क सह जैविक उद्यान में बुधवार को विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने सरकार की ओर से आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार ,आपके द्वार कार्यक्रम में आए पदाधिकारी को थाईलैंड का आम का पौधा देकर उन्हें विदा किया। वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम के पौधा लगाकर किया गया।उन्होंने कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मत्रों की शपथ भी दिलाई।उन्होंने कहा कि बढ़ते



प्रदूषण व भीषण गर्मी व जल संकट को नहीं रोका गया तो एक दिन लोग डायनासोर की तरह विलुप्त हो जाएंगे। इससे बचने के लिए दुनिया के तमाम लोगों को अपना धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों को अपनाना होगा।कौशल नगर बाजार प्रांगण में ट्री मैन डॉ कौशल,प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार, नोडल पदाधिकारी संजय प्रसाद, छतरपुर पूर्वी जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल , प्रखंड के बडाबाबू नवाब खान,सीडीपीओ शीला मैडम ,20 सूत्री अध्यक्ष गोपाल सिंह ,प्रमुख उर्मिला देवी,उप प्रमुख संतोष यादव, डाली पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल ,चराई के मुखिया रविंद्र राम सुपरवाइजर मनीषा कुमारी,उप मुखिया नगीना खातून पंचायत समिति सदस्य शहाबुद्दीन अंसारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करने के बाद स्कूली बच्चों को पुस्तक और साइकिल वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम लागये गये सभी स्टॉल से करीब 1267आवेदन प्राप्त किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डाली के मुखिया पूनम जायसवाल ने की जबकि संचालन छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने किया । कार्यक्रम में सभी पदाधिकारी को पर्यावरण धर्म के तहत पर्यावरणविद डॉ कौशल,पार्षद अमित व मुखिया पूनम जायसवाल ने शॉल ओढ़ाकर व विदाई में थाईलैंड जाति के बारहमासी आम का पौधा देकर सम्मानित किया। मौके पर सीआई हरि कुमार, आकाश जी, पूर्व उप मुखिया अफजाल अंसारी, सुचित कुमार जायसवाल, अल्पना जायसवाल विनोद राम आदि शामिल थे।

# सभी को मिल रहा है सरकारी योजनाओं का लाभ : मंत्री मिथिलेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा** : गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गुरुवार को रंका प्रखंड के लगभग डेढ़ दर्जन गांवों में जन संवाद का आयोजन किया। इस जनसंवाद में मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी एवं कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट निदान भी किया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने रंका प्रखंड के पंचायत सिरोई खुर्द के ग्राम सिंगा कला स्कूल के समीप, सिंगा खुर्द स्कूल के समीप, उंचरी स्कूल के समीप,उंचरी गेरुआ टोला शिव चबूतरा के समीप, सेवाडीह बाजारी टोला स्कूल के समीप,सेवाडीह खरवारी टोला आंगनबाड़ी के समीप, बीरबांध गांव में दुर्गा मंडप कोपी महुआ के समीप, मझिगावां में देवी मंदिर के समीप, सिरोई खुर्द स्कूल के समीप, कटरा पंचायत में सिरोई कला टिकट चुईयां स्कूल के समीप, दमारन आम चबूतरा के समीप, कटरा पंचायत भवन के समिप तथा लरकोरिया स्कूल के समीप जनसंवाद का आयोजन किया।मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार



द्वारा चलाई जा रही जनहित की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के लोगों तक पहुंच रहा है।सरकार की योजना से राज्य की सभी जनता लाभान्वित हो रही है। उन्होंने कहा कि गढ़वा की जनता ने जिस उम्मीदवार और विश्वास के साथ उन्हें अपना सेवक चुना था। जनता की उम्मीदों पर वे पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास कर रहे हैं। गढ़वा वासियों के सहयोग से पूरे गढ़वा की तस्वीर एवं तकदीर बदल गई है। सबसे अधिक बदहाल गढ़वा आज सबसे बेहतर बन गया है। गढ़वा के बेहतर विकास कार्यों में यहां की प्रत्येक जनता की महत्वपूर्ण भूमिका है। गढ़वा के लोगों ने जब चाहा तभी गढ़वा का विकास हुआ। आगे और बेहतर गढ़वा बनाने के लिए सभी को पूरी तरह से साथ देने की जरूरत है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, शुभम मिश्रा, अनिल राम सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**सहिया एवं सामुदायिक प्रशिक्षक संघ ने**

### रंका प्रखंड के एक दर्जन गांवों में मंत्री ने किया जनसंवाद

**मंत्री मिथिलेश ठाकुर के प्रति जताया आभार** : झारखंड सरकार द्वारा सहिया, सहिया साथी, बीटीटी, एसटीटी आदि की मांगों पर विचार करते हुए प्रोत्साहन राशि दुगनी करने पर सहिया एवं सामुदायिक प्रशिक्षक संघ ने गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रति आभार व्यक्त किया है। संघ के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मंत्री श्री ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पहुंचकर पुष्प गुच्छ दे कर, माला पहना कर एवं मिठाई खिलाकर आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष बिरेंद्र कुमार पासवान मौके पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष बिरेंद्र कुमार पासवान,आशीष गुप्ता सहित काफी संख्या में बीटीसी, एसटीटी आदि लोग उपस्थित थे।